# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, मंगलवार 17 सितंबर 2024



## WE FULFILLED OUR PROMISE



Launch of

# SUBHADRA

by

Prime Minister

## Narendra Modi

- The scheme will benefit over 1 crore women in Odisha
- Beneficiaries will receive ₹10,000 annually in two installments, totaling ₹50,000 over 5 years
- Financial assistance will be directly transferred to beneficiaries' Aadhaar enabled bank accounts through DBT (Direct Benefit Transfer)
- The application process for SUBHADRA is ongoing and there is no closing date



In the august presence of

**Raghubar Das**
Governor, Odisha

**Mohan Charan Majhi**
Chief Minister, Odisha

**Dharmendra Pradhan**
Minister of Education, Govt. of India

**Jual Oram**
Minister of Tribal Affairs, Govt. of India

**Annpurna Devi**
Minister of Women & Child Development, Govt. of India

**Kanak Vardhan Singh Deo**
Deputy Chief Minister, Odisha

**Pravati Parida**
Deputy Chief Minister, Odisha

And other distinguished guests

**Date: 17th September 2024 | Time: 12:00 Noon**
Janata Maidan, Bhubaneswar

You are requested to be seated by 9:30 AM

www.subhadra.odisha.gov.in | Department of Women and Child Development, Government of Odisha | Toll Free No. 14678

Watch the Event Live on DD News | Follow us: iprodisha odisha_subhadra CMO_Odisha Subhadra Odisha CMO Odisha

# Agriculture & Industrial Needs

## ओम विश्वकर्मा नमः

निर्बल है तुझसे बल मांगते हैं, करूणा का प्रयास से जल मांगते हैं,
श्रद्धा का प्रभु जी फल मांगते हैं।।

## विश्वकर्मा पूजा की शुभकामनाएं...





छत्तीसगढ़ के समस्त प्रदेशवासियों को एरिज एग्रो परिवार की ओर से
भगवान विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक शुभकामनायें
aries agro limited
ARIES NPK HD RANGE is honoured with the National Award Of Excellence as the Most Admired Agriculture Innovation
aries FertiMAX HD
ARIES NPK RANGE OF HIGH DENSITY FORMULATION
LESS IS MORE
प्रति एकड़ 25-35% बचत*
एरीज एनपीके एचडी रेंज, विशिष्ट कृषि संबंधी लाभों के साथ-साथ किसानों को 25-35% लागत बचत
aries agro limited
Office : Ring Road No. 1, Indraprasth Phase-II
2nd Floor, Raipura, Raipur (C.G.)-492013 GST-22AAACA5035G1ZB
Mob. 9137852800, 9137852801


# भगवान विश्वकर्मा जयंती विशेष...

## कैसे हुई भगवान विश्वकर्मा की उत्पत्ति

एक कथा के अनुसार सृष्टि के प्रारंभ में सर्वप्रथम 'नारायण' अर्थात साक्षात विष्णु भगवान सागर में शेषशय्या पर प्रकट हुए. उनके नाभि-कमल से चतुर्मुख ब्रह्मा दृष्टिगोचर हो रहे थे. ब्रह्मा के पुत्र 'धर्म' तथा धर्म के पुत्र 'वास्तुदेव' हुए. कहा जाता है कि धर्म की 'वस्तु' नामक स्त्री से उत्पन्न 'वास्तु' सातवें पुत्र थे, जो शिल्पशास्त्र के आदि प्रवर्तक थे. उन्हीं वास्तुदेव की 'अंगिरसी' नामक पत्नी से विश्वकर्मा उत्पन्न हुए. पिता की भांति विश्वकर्मा भी वास्तुकला के अद्वितीय आचार्य बने.


Contact for Ad
Mob.: 9340808313



भगवान विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं...
GREEN FIELD AGRICO
ग्रीन फील्ड
नांगर फॉल/रोटावेटर ब्लेड
70·11·13" EMSON AUTO GREEN FIELD
पडलर, रोटावेटर, रीजर, डिस्क हैरो
निर्माताः एमसन ऑटो
9 ब्लॉक-भनपुरी, रायपुर (छत्तीसगढ़) फोनः 0771-2224452, 4030531
098261-64452, 099930-30531



भगवान विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं...
PRIDE OF INDIA BULL
कीमत बढ़ने से पहले आज ही बुकिंग करे
Upto 90% Funding
Smaller EMI's Available for 3 Months
1st EMI After 60 Days
1 year insurance Free
Exchange Offer Available
Oil filter service free up to 500 Hours
RESALE GUARANTEE
FINANCE PARTNERS
kotak Mahindra FINANCE SUNDARAM FINANCE HDB FINANCIAL SERVICES HDFC BANK IndusInd Bank YES BANK
*Terms and Conditions Apply
A.N. AUTOMOBILE
Infront of Govt. School, Main Road, Devpuri, Raipur
9752994668, 7089000188



विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं...
KMS KOTHARI MILL STORES SINCE 1977
कोठारी मिल स्टोर्स
इलेक्ट्रिक मोटर
रबर रोल सेलर गियर टाईप
जेट पॉलिशर
चार रोल रबर रोल सेलर दो फैन के साथ
रबर सेलर अपर क्लिनर
कोन पॉलिशर
राईस हॉलर नं. 8
राईस हॉलर नं. 2
राईस हॉलर नं. 8 गोल्ड
आटा चक्की टी/पी
आटा चक्की स्टैण्डींग
वी-बेल्ट
सॉकेट
साफ्टींग
यूसीपी
डबल बॉल बेयरींग
गुरूनानक चौक के पास, स्टेशन रोड, रायपुर (छ.ग.)
0771-4034274
93000 48074, 93008 08366
kotharimillstores.co.in, kotharimillstore@gmail.com



BULL India's No.1 Tractor Attachments
भगवान विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक शुभकामनायें
THE MOST PROVEN ULTIMATE SOLUTION FOR THE BRICK INDUSTRY
BACKHOE LOADER
TPL BACKHOE
BULL EV BARROW
डीलरशिप के लिये इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
Authorized Distributor: AANDRAYA ENTERPRISES
Infront of Govt. School, Main Road, Devpuri, Raipur
Beside Indian Bank, Dhamtari Road, Abhanpur, Dist-Raipur-493661
98260-29023, 70890-00188

सरपंची की लड़ाई में झुलस गया गांव





# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी





शक से उपजा जघन्य अपराध



## बरसों से सुलग रही थी बदले की चिंगारी



» प्रधान आरक्षक सहित 5 शवों की एक साथ निकाली गई अंतिम यात्रा

» गांव में पसरा है सन्नाटा, कई साल से था मौसम परिवार से बैर

# मौत से धधकी ऐसी ज्वाला कि आधा गांव पहुंचा जेल

- सरपंची की लड़ाई ने खींचा मौत का सन्नाटा, लोहारीडीह में हालात काबू करने फोर्स का डेरा
- रघुनाथ जिंदा जल सके इसलिए पुलिस को बहकाया फिर भी पहुंची टीम तो अफसरों पर भी चलाए पत्थर
- पूरा गांव खाली, आधे से ज्यादा सलाखों के पीछे जो बचे वे भागे

### 600 की आबादी

गांव की आबादी 600 के आसपास है। इस जघन्य अपराध के बाद पुलिस ने 161 पर नामजद केस दर्ज किया है। कई अज्ञात हैं और थोक में हिरासत में भी लिए जा चुके हैं। बड़ी संख्या में लोग भूमिगत भी हो गए हैं। एक तरह से कहा जा सकता है कि आधा गांव जेल के रास्ते है।

कबीरधाम से लौटकर गौरव शर्मा

हरिभूमि लाइव

कवर्धा के लोहारीडीह गांव में कल तक बच्चों की अठखेलियां और बुजुर्गों के किस्से सुनाई देते थे, लेकिन आज इस गांव में मातम पसरा है। वर्चस्व की आग और रंजिश की ज्वाला में लोहारीडीह ऐसा झुलसा कि गांव का गांव जेल की सलाखों के पीछे पहुंच गया। जो बच गए उन्हें गांव छोड़कर भागना पड़ा। आज इस गांव के अधिकतर घरों में ताले लटके हैं। कुछ घरों में बच्चे और बुजुर्ग तो हैं पर यहां सन्नाटा पसरा है।

दरअसल शिवप्रसाद और रघुनाथ के बीच प्रतिशोध की ज्वाला 5-6 साल पहले से धधक रही थी। रघुनाथ की पत्नी गांव की सरपंच थी, लेकिन तब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी और शिवप्रसाद समाज का पदाधिकारी होने के साथ ही कांग्रेस का समर्थक भी था। जबकि रघुनाथ की करीबी भाजपा के नेताओं से थी। यही वजह है कि रघुनाथ की पत्नी को सरपंच पद से हटाने अविश्वास प्रस्ताव लाया गया। रघुनाथ की पत्नी सरपंच के पद से तो हट गई, लेकिन रघुनाथ उपसरपंच के पद को बचाने में सफल रहा। रघुनाथ »शेष पेज 2 पर



### दोनों को ले डूबी सरपंच बनने की चाह

लोहारीडीह में सामने आई घटना के पीछे राजनीतिक महत्वाकांक्षा भी बड़ी वजह थी। रघुनाथ की पत्नी पहले सरपंच थी और उसे अपदस्थ कर दिया गया था। ऐसे में रघुनाथ फिर से सरपंच बनने की चाह लिए गांव में वर्चस्व बढ़ाने की कोशिश करता रहा। इस बीच शिवप्रसाद भी सामाजिक और राजनीतिक माध्यमों से महत्वाकांक्षा पूरी करने सियासी दांव चलता रहा। दोनों की ही »शेष पेज 2 पर

### सामाजिक राजनीति से भी बढ़ीं दूरियां

शिवप्रसाद साहू समाज का मंडल अध्यक्ष था। न सिर्फ अपने गांव बल्कि आसपास के गांवों में भी समाज के लोगों के बीच उसकी अच्छी पकड़ थी। जबकि समाज में रघुनाथ साहू की छवि कमजोर थी। इससे दोनों के बीच दूरियां काफी बढ़ गई।

### दो साल पहले भी लगी थी आग

ग्रामीणों ने बताया कि रघुनाथ के भाई शनुक साहू के घर में 2 साल पहले भी आगजनी की घटना हुई थी। हालांकि इस घटना में जनहानि तो नहीं हुई पर परिवार को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा था। पुलिस अधिकारियों ने भी इस घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रघुनाथ के भाई से भी गांव के कुछ लोगों की दुश्मनी थी। एक बार फिर इसी तरह की घटना हुई लेकिन इस बार रघुनाथ की जान चली गई।

# हर मंगलवार अकाल मौत, जादू टोने के शक में ग्रामीण बने वहशी तीन दर्जन पुलिस हिरासत में

इतकल से लौटकर लीलाधर राठी

हरिभूमि लाइव

सुकमा जिले के कोंटा थाने का ग्राम इतकल....अजीब सन्नाटे में डूबा हुआ है। गलियों में लोग नहीं दिखते, ज्यादातर घरों के दरवाजे बंद थे। एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या के बाद इतकल गांव सदमे में हैं। हर किसी के चेहरे पर दहशत नजर आती है। पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं खबर यह भी है कि 35 लोगों को हिरासत में भी लिया गया है।

गांव वाले अभी खुलकर बात नहीं करते। कुछ कहते हैं-यह एक दिन में नहीं हुआ। यह कई साल की नफरत, शक और आपसी रंजिश का नतीजा है। इतकल में बीते कई साल से करीब दो दर्जन से ज्यादा लोग मरे हैं। ज्यादातर की मौत मंगलवार के दिन ही हुई है। मौसम परिवार सिरहा गुनिया का काम करते थे। »शेष पेज 2 पर



### कैंप से 2 किमी की दूरी पर खेला गया खूनी खेल

जघन्य हत्या वाले ग्राम इतकल में घटित घटना के पीछे अभी भी कई सवाल खड़े हैं। ग्रामीणों के बीच नफरत की चिंगारी पिछले 2 माह से ज्यादा भड़की हुई थी लेकिन इस बात से स्थानीय प्रशासन अंजान बना रहा। घटना के बाद पांच आरोपी ग्रामीणों ने स्वयं से होकर कोन्टा थाने में सरेंडर कर दिया। लेकिन इस घटना में बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। पुलिस ने तीन दर्जन को हिरासत में भी लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

### पहले से ही रची गई थी साजिश

हरिभूमि संवाददाता जब नक्सल प्रभावित ग्राम पंचायत बंडा के ग्राम इतकल पहुंचा तो चारों ओर सन्नाटा पसरा हुआ था। एक दर्जन से अधिक जवानों की मौजूदगी भले ही दहशत कम करने का प्रयास कर रही हो लेकिन गांव में पसरा सन्नाटा 24 घंटे के बाद भी दूर नहीं हो सका था। आलम यह था कि घटना वाले इस गांव में पुरूष दूर-दूर तक नजर नही आ रहे थे जबकि गांव में एक दो »शेष पेज 2 पर

### प्रत्येक मंगलवार एक मौत इससे संदेह गहराया

मौसम परिवार के मौसम कन्ना व करका लच्छी के ऊपर कई दिनों से ग्रामीण शक की निगाह से देख रहे थे। बताया जाता है पिछले कुछ वर्षो से इस गांव में सामान्यतः दो दर्जन से अधिक मौतें हुई थी। बताया जाता है कि गांव में मौसम परिवार सिरहा गुनिया का काम देखते थे। वहीं हाल ही में प्रत्येक मंगलवार को नाबालिग बच्चों की मौत से ग्रामीण खफा हो गये। सूत्रों के अनुसार नजदीकी एक ग्राम के वड्डे के द्वारा गांव में मौत का कारण मौसम परिवार को बताया। खूनी खेल खेल कर पूरे मौसम परिवार को ही मौत के घाट उतार दिया गया।

## खबर संक्षेप

### रायपुर जोन कमिश्नर के तबादले पर रोक

**बिलासपुर।** राज्य शासन ने रायपुर नगर निगम के जोन कमिश्नर को बिलासपुर जिले के तखतपुर नगर पालिका का सीएमओ बना दिया है। सीएमओ को ज्वाइन डायरेक्टर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को रिपोर्टिंग करनी पड़ती है। वर्तमान में ज्वाइन डायरेक्टर उनसे जूनियर हैं। जूनियर अफसर को एक सीनियर अफसर किस हिसाब से रिपोर्टिंग करेगा। »शेष पेज 2 पर

### पीएम को मिले उपहारों की नीलामी आज से

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अलग-अलग मौके पर मिले उपहारों की नीलामी आज 17 सितंबर को उनके जन्मदिन पर शुरू होगी। नीलामी नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट दिल्ली में रखी गई है। संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि इन उपहारों की कीमतें न्यूनतम 600 रुपये से लेकर 8.26 लाख रुपये तक होती हैं। इससे मिले धन का उपयोग गंगा की सफाई के लिए होगा।

### थाने में जश्न, एसआई समेत 3 जवान गिरफ्तार

**भभुआ।** बिहार में एक सब-इंस्पेक्टर समेत तीन पुलिसकर्मियों



को नशे की हालत में गिरफ्तार किया गया है। तीनों पुलिसकर्मी कैमूर जिले में सोनहन थाने में तैनात थे। एसपी कार्यालय को थाने में जश्न मनाए जाने के बारे में शिकायत मिली थी।

# तीन चरणों में होंगी निगम, मंडल आयोग में नियुक्तियां, सीएम के सलाहकार पर विचार नहीं

- पहले चरण में प्राधिकरण में नियुक्तियां की जाएंगी, विधायकों को मिलेगा मौका
- दूसरे चरण में मंडल और आयोग के पद भरे जाएंगे तीसरे में निगमों में बंटेंगे पद

हरिभूमि न्यूज » रायपुर

खास खबर

विष्णुदेव सरकार गठन के नौ माह बाद आखिरकार अब निगम, मंडल, आयोग और प्राधिकरणों में नियुक्तियों का रास्ता साफ हो गया है। भारतीय जनता पार्टी की उच्च स्तरीय बैठक में नियुक्तियां तीन चरणों में करने का फैसला लिया गया है। तय हुआ है कि पहले चरण में प्राधिकरणों में नियुक्तियां की जाएंगी। इनमें सक्रिय और वरिष्ठ विधायकों को मौका मिलेगा। खासतौर पर ऐसे विधायक जो काबिलियत होने के बाद भी मंत्री नहीं बन पाए हैं। सरकार और संगठन ऐसे विधायकों को प्राधिकरणों में अहम पद देगी। सूत्रों के अनुसार नियुक्तियों को लेकर बीते दिनों मुख्यमंत्री निवास में एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ चुनिंदा मंत्री, »शेष पेज 2 पर



### पहले चरण में प्राधिकरण

बैठक में तय किया गया है कि पहले चरण में छत्तीसगढ़ के विभिन्न प्राधिकरणों में नियुक्तियां की जाएंगी। प्राधिकरणों में विधायकों को अवसर दिया जाएगा। अलग-अलग संभाग से जुड़े प्राधिकरणों में उस क्षेत्र के विधायकों को एडजस्ट किया जाएगा। साथ ही ध्यान रखा जाएगा कि संगठन में लंबे समय से सक्रिय और वर्तमान में बेहतर काम करने वाले विधायकों को अवसर मिल सके। संगठन ने अपने स्तर पर मंथन भी प्रारंभ कर दिया है।

### दूसरे चरण में आयोगों में नियुक्तियां

दूसरे चरण में विभिन्न आयोग और मंडलों में नियुक्तियां दी जाएंगी। आयोग और मंडल में भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं को अवसर दिया जाएगा। पूरे प्रदेश से ऐसे लोगों की सूची भी संगठन ने तैयार की है जो लगातार पार्टी के लिए कार्य कर रहे हैं और संगठन के प्रति निष्ठावान भी हैं। सूत्रों के अनुसार नियुक्तियों में वरिष्ठता की जगह निष्ठा और सक्रियता को तरजीह दी जाएगी।

### सीएम का सलाहकार अभी नहीं

बैठक में यह तय किया गया है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सलाहकार के तौर पर अभी किसी की नियुक्ति नहीं की जाएगी। चर्चा थी कि जल्द ही दो सलाहकारों की नियुक्ति की जाएगी। उनके नाम भी चर्चा में आए थे, लेकिन उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार फिलहाल किसी को भी सलाहकार बनाए जाने की कोई योजना नहीं है।

# तेलीबांधा मरीन ड्राइव में सरेआम युवती का गला रेत तालाब में कूदा युवक

हरिभूमि न्यूज » रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में सोमवार को दिन दहाड़े एक युवक ने युवती का गला रेत दिया। युवती की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी ने सुसाइड करने के उद्देश्य से खुद को चाकू मारकर घायल कर लिया और तालाब में कूद गया।

घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। हत्या की वजह कथित प्रेम प्रसंग को बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक मरीन »शेष पेज 2 पर

### युवती की मौत, एकतरफा प्रेम का मामला



मृतिका



आरोपी

### डर के कारण तालाब में कूदा

युवती को चाकू मारने के बाद लोकेश ने खुद को चाकू मारकर घायल कर लिया। इसी दौरान युवती के चीखने की आवाज सुनकर लोग लोकेश को पकड़ने के लिए दौड़े, तब वह भीड़ से बचने के लिए तालाब में कूद गया। इसके बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर उपस्थित लोग युवती को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल लेकर गए, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस तथा एसडीआरएफ की टीम ने तालाब से लोकेश को रेस्क्यू किया और उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए।

# पुलिस कमिश्नर सहित 4 को हटाया, जांच के लिए नई कमेटी

एजेंसी » कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और हड़ताल पर बैठे जूनियर डॉक्टरों के बीच हुई बैठक में तीन मांगों पर सहमति बनी। डॉक्टरों और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच निर्णायक बैठक हुई। रात करीब 11:50 बजे ममता बनर्जी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस बैठक के बारे में जानकारी दी। ममता ने कहा कि कोलकाता पुलिस कमिश्नर को हटा दिया गया है। कल शाम 4 बजे नए कमिश्नर पद संभालेंगे। इसके साथ हेल्थ सर्विस के डायरेक्टर, मेडिकल एजुकेशन के डायरेक्टर और उत्तरी कोलकाता के डिप्टी कमिश्नर को भी हटाया गया है।

### ममता ने मानी डॉक्टरों की मांग



### काम पर लौटने की अपील

ममता ने कहा कि हमने डॉक्टरों की पांच में से तीन मांगें मान ली हैं। ममता बनर्जी ने हड़ताली डॉक्टरों पर कोई कार्रवाई न करने पर भी सहमति व्यक्त की। उन्होंने डॉक्टरों से अपील की है कि वे काम पर लौट आएं।

### सीएस के नेतृत्व में समिति गठित

वहीं, ममता सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र के बुनियादी ढांचे से संबंधित सभी मामलों की सुनवाई के लिए मुख्य सचिव के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया है। सीएम बनर्जी ने कहा कि हमने डिप्टी कमिश्नर (उत्तर) को भी हटाने का फैसला किया है।

## अनंत चतुर्दशी आज, महादेवघाट के विसर्जन कुंड में 11 पंडितों की व्यवस्था

# विदा लेंगे आज लंबोदर, सूर्योदय से सूर्यास्त तक मुहूर्त

हरिभूमि न्यूज » रायपुर

मंगलवार को अनंत चतुर्दशी के मौके पर खारुन नदी के महादेवघाट स्थित विसर्जन स्थल पर गणपति बप्पा को मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से पूजा अर्चना सम्मानपूर्वक विदाई दी जाएगी। महामाया मंदिर के पुजारी पंडित मनोज शुक्ला के मुताबिक मंगलवार को सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक गणपति प्रतिमा विसर्जन के लिए शुभ मुहूर्त माना गया है। विसर्जन का यह सिलसिला 23 सितंबर तक चलेगा। नगर निगम प्रशासन ने विसर्जन »शेष पेज 2 पर

- सुरक्षा के लिहाज से 1 किलोमीटर पहले तक बैरिकेडिंग

### पुल से लेकर शिव मंदिर तक कर्मचारी तैनात कर घेराबंदी

खारुन नदी में प्रतिमा विसर्जन से रोकने महादेवघाट पुल से लेकर शिव मंदिर तक नगर निगम जोन स्तर के कर्मचारियों को तैनात कर घेराबंदी कर रहा है। ताकि एनजीटी के निर्देश का पूरी तरह से पालन हो। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर 17 से 23 सितंबर तक यह व्यवस्था देखने को मिलेगी।



### 3 पाली में गोताखोर, बड़ी प्रतिमा विसर्जन के लिए क्रेन की व्यवस्था

बड़े आकार की गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए नगर निगम ने 7 क्रेन की व्यवस्था विसर्जन स्थल पर की है। वहीं 30-30 गोताखोर कुंड के पास छोटी-बड़ी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन कराने तैनात किये गये हैं, ताकि श्रद्धालुओं और गणेश उत्सव समितियों को किसी तरह की दिक्कत ना हो। विसर्जन से पहले फूल सहित पूजन सामग्री को अलग से रखवाने की व्यवस्था भी कराई गई है।

### 10 हजार से अधिक गणेश प्रतिमाएं 23 तक विसर्जन

शहर में दस दिनों तक मंगलमूर्ति की पूजा अर्चना के बाद 17 सितंबर से गणपति विसर्जन का सिलसिला शुरू हो जाएगा। इस बार घरों व गणेश पंडालों में 10 हजार से अधिक एक से बढ़कर एक गणपति प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इसका विसर्जन खारुन नदी के महादेवघाट के समीप बने विसर्जन कुंड में किया जायेगा। सोमवार को भी शहर के अलग- इलाकों से घरों में स्थापित छोटी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन करने लोग विसर्जन कुंड स्थल पहुंचे, और बप्पा की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर सम्मान के साथ विदा किया। हालांकि छोटी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए »शेष पेज 2 पर

## चिंतन

# संस्कारों और नैतिकता से दूर क्यों हो रही युवा पीढ़ी

हम आधुनिकता की चकाचौंध में लगातार भाग रहे हैं। इस अंधी दौड़ में न केवल अपनी संस्कृति, सभ्यता व संस्कारों को दरकिनार कर रहे हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी इनसे दूर करते जा रहे हैं। अगर यही सब ऐसे ही चलता रहा तो शिष्टाचार, नैतिकता महज शब्दकोष में लिखित अक्षर बनकर रह जाएंगे। इन्ही हालात को देखते हुए ही नई दिल्ली में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवन ने कहा कि भारत में भी परिवार के संस्कारों को खतरा है। मीडिया के दुरुपयोग से नई पीढ़ी बहुत तेजी से अपने संस्कार भूल रही है, इसलिए हफ्ते में एक बार निश्चित समय पर अपने कुटुंब के सब लोगों को एक साथ बैठना चाहिए। अपनी श्रद्धा अनुसार घर में भजन-पूजन, उसके बाद घर में बनाया हुआ भोजन साथ में करें। समाज के लिए भी कुछ न कुछ करें। इसके लिए छोटे-छोटे संकल्प लें। वैसी भी यही हमारी संस्कृति है। किसी भी विषय को ले लें, हम अपनी युवा पीढ़ी पर पूरा दोष डालकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। सवाल यह नहीं कि आज की युवा पीढ़ी में नैतिकता व शिष्टाचार की कमी हो रही है, बल्कि सवाल यह है कि क्या सिर्फ युवा पीढ़ी पर दोषारोपण से हमारी जिम्मेदारी समाप्त हो जाती है। क्या हम युवा पीढ़ी के लिए अपना कर्तव्य निष्ठा से निभा रहे हैं। क्या सारी गलती युवा पीढ़ी की ही है। आज उनमें अगर संस्कारों, शिष्टाचार की कमी हो रही है तो उसकी वजह सिर्फ और सिर्फ हम हैं, क्योंकि हम उनमें संस्कार नैतिकता शिष्टाचार नहीं भर पा रहे हैं। बच्चों का अनैतिक होने के लिए हम जिम्मेदार हैं। बच्चों में अनैतिकता के प्रवेश से न केवल उनके, बल्कि पूरे समाज के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लगता है। इसके चलते अनेक तरह की बुराइयों को जगह मिलती है। नशा, अपराध इसी से ही पनपते हैं। इसके लिए कौन जिम्मेदार है। जब बच्चा छोटा होता है तो उसका दिमाग खाली होता है। ये हम पर हैं कि हम उसके दिमाग में क्या भरते हैं। आप उसको जिस प्रकार के संस्कार व शिक्षा देंगे उसी राह पर वह आगे बढ़ता है। अगर बाल्यकाल में बच्चों को यह शिक्षा दी जाती है कि चोरी करना बुरी बात है तो वह चोरी जैसी हरकत करने से पहले सौ बार सोचेगा। बाल अवस्था में बच्चों को संस्कारित करने में माता-पिता, दादा-दादी व बुजुर्गों का बड़ा हाथ होता था। कहानियां भी प्रेरणादायी होती थीं। आज हम बच्चों को कहानी सुनाने की बजाय मोबाइल फोन थमा रहे हैं। उसमें न जाने क्या-क्या देखा जा रहा है। एक नैतिक शिक्षा की पुस्तक होती थी। आज वह पुस्तक गायब हो चुकी है। ढेरों कंप्यूटर गेम्स, वीडियो गेम्स, फिल्मी गानों की दुनियाभर की सीडी मिल जाएंगी, लेकिन भगत सिंह, स्वामी विवेकानंद आदि के जीवन की कहानियों की किताब स्कूल बैग से गायब ही हो चुकी हैं। यहा तक कि हम कोशिश भी नहीं करते कि अपने बच्चों को ऐसी किताबे दें जिससे वह नैतिकता व शिष्टाचार को समझें। यह बात जरूर है कि आजकल की युवा पीढ़ी नैतिकता तथा शिष्टाचार को भूल सी गई है। संस्कारों का अभाव कहीं भी देखने को मिल सकता है। युवा पीढ़ी में संस्कार, नैतिकता व शिष्टाचार की कमी न हो, इसके लिए हमें स्वयं से ही शुरुआत करनी होगी। सबसे पहले खुद को बच्चों के साथ जोड़ना होगा। यह सही है कि आज भी भागदौड़ भरी जिंदगी में समय का अभाव है, लेकिन बच्चों के लिए समय निकालना जरूरी है। जो टाइम आप और हम फोन पर खर्च करते हैं। वो बच्चों को देना शुरू करें। उनको अच्छी तरह से समझें और उनके दिल की बात जानें, तभी हम उन्हें संस्कारों से जोड़ पाएंगे।



यूएन महासभा

प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

# फ़िलेमॉन के समक्ष चुनौतियां

**संयुक्त राष्ट्र की महासभा के 79वें सत्र के अध्यक्ष फ़िलेमॉन यंग ने जलवायु परिवर्तन, हिंसक टकराव और टिकाऊ विकास की धीमी होती रफ्तार समेत अन्य वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए विविधता में एकता की अपनी दृष्टि पेश की है और अन्तरराष्ट्रीय सहयोग की पुकार लगाई है। उन्होंने यह भी पुकार लगाई है कि समतापूर्ण आर्थिक प्रगति हासिल की जाए, नवाचार और हरित अर्थव्यवस्थाओं को प्रोत्साहन देना होगा और आर्थिक विकास से मिलने वाले लाभों को हर देश के लिए सुनिश्चित करना होगा। यह सत्र फिलेमॉन यंग की सूझबूझ, स्पष्टता और हाशिये के देशों को मिलने वाले महत्व पर ही मूल्यांकित होगा।**

फ़िलेमॉन यंग के नेतृत्व में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र का आगाज हो चुका है। यह महासभा न्यूयॉर्क में हो रही है और इसके साथ ही भविष्य के लिए सम्मलेन भी आयोजित होगा इस सत्र वाली महासभा अपने पूरे जोश के साथ भविष्य के सम्मलेन पर भी अपना मंतव्य प्रकट करने जा रही है, लेकिन सबसे अहम बात यह है कि संयुक्त राष्ट्र की महासभा के 79वें सत्र के अध्यक्ष फ़िलेमॉन यंग ने जलवायु परिवर्तन, हिंसक टकराव और टिकाऊ विकास की धीमी होती रफ्तार समेत अन्य वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए विविधता में एकता की अपनी दृष्टि पेश की है और अन्तरराष्ट्रीय सहयोग की पुकार लगाई है। उन्होंने यह भी पुकार लगाई है कि समतापूर्ण आर्थिक प्रगति हासिल की जाए, नवाचार और हरित अर्थव्यवस्थाओं को प्रोत्साहन देना होगा और आर्थिक विकास से मिलने वाले लाभों को हर देश के लिए सुनिश्चित करना होगा।

संयुक्त राष्ट्र का यह सत्र फिलेमॉन यंग की सूझबूझ, स्पष्टता, गरिमापूर्ण बहस के लिए उनकी उद्दात्तता और हाशिये के देशों को मिलने वाले महत्व पर ही मूल्यांकित होगा। भारत की ओर से संयुक्त राष्ट्र में विजय लक्ष्मी पंडित ने इस दायित्व को शुरूआती वर्षों में निभाया है। इस साल कैमरून के पूर्व प्रधानमंत्री फिलेमॉन यंग के नेतृत्व में महासभा हो रही है। वैश्विक शांति व लोकतंत्र के पैरोकार इसमें जुटकर अपना-अपना पक्ष रखते हैं और विश्व की चिंताओं को प्रकट करते हैं। यूएन महासचिव एंटोनियो गुतारेस का मानना है कि मुश्किलों से घिरी दुनिया में समाधान की तलाश में सामूहिक कार्रवाई पर बल दिया जाए तो हम दो कदम आगे बढ़ सकते हैं। साझा लक्ष्यों के लिए सभी सदस्य देशों को एकजुट करने के लिए सभी देशों की संगठित शक्ति और फिलेमॉन यंग की दूरदर्शी, सम्यक साझी रणनीति से दुनिया बदली जा सकती है। पहले दिन से ही, संयुक्त राष्ट्र बहुपक्षीय समाधानों का स्थल रहा है, जिसकी बुनियाद रचनात्मक सहयोग, सम्वाद, कूटनीति व यूएन चार्टर में है। इन सबके बावजूद संयुक्त राष्ट्र के चिह्नित लक्ष्य जिसमें एसडीजी-2030, भविष्य के लिए सम्मलेन, वैश्विक शांति के हालात ये सब दिमाग में बुद्धिजीवियों के आ ही जाते हैं। पूरी दुनिया में समालोचकों द्वारा यह चिंता जताई जा रही है कि दुनिया के हालात ठीक नहीं हैं। अफगान की औरतों के साथ ठीक नहीं हो रहा है। युद्धरत देश युद्धविराम के लिए तैयार नहीं हो रहे हैं। कभी गाज़ा, कभी म्यांमार, कभी बांग्लादेश तो कभी गल्फ देशों से अस्थिरता, संघर्ष और मतभेद की पराकाष्ठा देखने-सुनने को मिल रही है। समस्या यह है कि संकटग्रस्त देशों का यह समूह जब-जब न्यूयॉर्क में इकठ्ठा होता है तो कोई समाधान न निकालकर केवल अपना दिल हल्का करने के लिए कुछ-कुछ कहकर चला जाता है। एंटोनियो गुतारेस की यह चिंता कि निर्धनता में कमी लाने, असमानता को दूर करने और जलवायु संकट समेत अन्य चुनौतियों पर पार पाने के लिए ठोस समाधानों की आवश्यकता है। हमें समाधानों की जरूरत है। टिकाऊ विकास लक्ष्यों में फिर से ऊर्जा भरने और निर्धनता व



असमानता का अंत करने की जरूरत है। आर्थिक प्रगति व रोजगार सृजन को प्राथमिकता देकर महिलाओं व युवाओं के लिए विशेष रूप से ध्यान देने की ज़रूरत है। उभरती हुई टेक्नॉलॉजी, जैसे कृत्रिम बुद्धिमता को प्रगति के औज़ार बनाने की जरूरत है। यह सब बातें अच्छी लगती हैं लेकिन समस्या इस बात की है कि इस पर अमल कितना हो रहा है। कूटनीतिक का ऊंट जिस खूंट से सन 1945 में बांधा गया, वह कभी इस करवट-कभी उस करवट अपनी पोजीशन बदलता है। यदि सकारात्मक परिवर्तन नहीं होंगे तो संयुक्त राष्ट्र व संयुक्त राष्ट्र महासभा में एकत्रित होने वाले देशों व उनके नेतृत्वकर्ताओं पर भी तो प्रश्न चिह्न लगेंगे। यह सत्र बहुत महत्वपूर्ण है। दुनिया बदलेगी, ऐसी आशाएं कम नहीं ही गईं, लेकिन यह आशाएं क्या केवल भ्रमजाल ही बनी रहेंगी या अबूझ पहेली? तो क्या दुनिया में परिवर्तन हो जाएगा, आज सवाल यह है।

फ़िलेमॉन यंग अपनी फिलहाल दृढ़ संकल्प व प्रतिबद्धता व्यक्त किया है कि इस महासभा के जनादेश को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हूं कि सुरक्षा परिषद का सुधार करूंगा, महासभा का पुनरुद्धार करूंगा। सामाजिक शिखर सम्मेलन 2025 की सफलता के लिए काम करूंगा। विकास के लिए वित्तपोषण पर चौथा अअंतरराष्ट्रीय सम्मेलन है उसे गंभीरता से लूंगा और एसडीजी 14 के समर्थन में संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन भी हमारी गंभीर इनिशिएटिव में सम्मिलित है संचारी रोगों पर चौथा उच्च स्तरीय सम्मेलन और भविष्य के समझौते का कार्यान्वयन जल्द अपनाया जाएगा। सही बात यही है कि सदस्य देशों को, अपनी विविधता के साथ ही अपने हितों के बारे में अपने विचारों और प्रस्तावों को मुक्त रूप में रखने का अवसर है जहां देश, लड़ाई किए बिना, चर्चा में शिरकत कर सकते हैं। उसमें फिलेमॉन यंग का यही दायित्व देशों के प्रतिनिधियों को जोड़ने और समाधान ढूंढने के लिए अवसर प्रदान करेगा, यह सच्चाई है, लेकिन देश यदि किसी समाधान की ओर आगे बढ़ना चाहेंगे तभी कुछ संभव है। यदि सदस्य देश फिलेमॉन यंग स्वयं और संयुक्त राष्ट्र महासचिव इन प्राथमिकताओं, सहयोगात्मक भावना के साथ आगे बढ़ें और यह सुनिश्चित करें कि संयुक्त राष्ट्र वैश्विक समुदाय के लिए कुछ अभिनव आशा की किरण और समाधान का सूत्र बन जाए तो दुनिया इस सत्र की तारीफ़ करेगी। मैत्रीपूर्ण विश्व का निर्माण किस प्रकार से हो सकता है इस पर वैश्विक राय बनानी फिलेमॉन यंग की प्राथमिकता होगी। वैसे भी सतत विकास का लक्ष्य 2030 तक जो रखा गया है, उस पर संयुक्त राष्ट्र यदि सच स्वीकार करे तो वह उससे बहुत दूर है। सत्ता और संप्रभुता में चल रही विश्व के देशों की सरकारें इन गंभीर मसलों पर यदि बेचैन नहीं हैं तो इस दुनिया का भला भगवान भरोसे है। यदि फिलेमॉन यंग सरकारों की सोच को बदलने में सफल हुए तो निःसंदेह परिणाम भी अच्छे आएंगे। फिलेमॉन यंग की प्राथमिकता है कि उन्होंने देशों से ग़ाज़ा पट्टी, हेती, यूक्रेन, और अफ्रीका के ग्रेट लेक्स क्षेत्र में मौजूदा हिंसक टकरावों के निपटारे का आग्रह किया और अंतरराष्ट्रीय क़ानून व न्याय के फ्रेमवर्क को मज़बूती देने और मानवीय सहायता प्रयासों के लिए आपसी समन्वय को बढ़ाने की पुकार लगाई। वह चाहते हैं कि अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद, ड्रग, मानव तस्करी और आधुनिक दासता की चुनौतियों से निपटने के लिए मानव गरिमा का ध्यान रखा जाए।

सुनहरे भविष्य की चिंता तो पूरे विश्व को करनी होगी। इसमें फिलेमॉन यंग केवल जिम्मेदार नहीं हैं। एक वैश्विक साझी रणनीति ही हमारे लिए सुरक्षित भविष्य तैयार कर सकती है, इसलिए फिलेमॉन यंग की बतौर अध्यक्ष जो जिम्मेदारी है उसे वह निभाएंगे लेकिन उनकी उपस्थिति में यदि संयुक्त राष्ट्र महासभा का यह सत्र आमूलचूल परिवर्तन लाने में सफल हुआ तो निःसंदेह उनके नेतृत्व को ऐतिहासिक सफलता मिलेगी व उन्हें श्रेय भी मिलेगा।

(लेखक राष्ट्रपति के विशेष कार्य अधिकारी रह चुके हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मुद्दा

रोहित कौशिक



# ओजोन परत बचेगी तो बचेंगे हम

सोलह सितम्बर को विश्व ओजोन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पर्यावरण को लेकर बड़ी-बड़ी बातें कही गईं। सवाल यह है कि आजोन परत की स्थिति को सुधारने के लिए जब तक हम अपना व्यवहार नहीं बदलेंगे तब तक स्थिति में परिवर्तन कैसे होगा। हालांकि अब कई स्थानों पर ओजोन परत की स्थिति सुधर रही है, लेकिन सिर्फ इतने से ही संतुष्ट होकर नहीं बैठा जा सकता। दरअसल ओजोन परत की स्थिति में उतार-चढ़ाव होता रहता है। समय-समय पर ओजोन परत को लेकर विभिन्न अध्ययन सामने आते रहते हैं। कभी-कभी इन अध्ययनों में विरोधाभासी बातें भी सामने आती हैं। यानी कभी ओजोन परत की स्थिति में सुधार का शोध प्रकाशित होता है तो कभी ओजोन परत की स्थिति बदतर होने का शोध प्रकाशित होता है। ऐसी विरोधाभासी शोध हमें भ्रमित करते हैं। दरअसल यह एक जटिल मामला है, इसलिए ओजोन परत से सम्बन्धित शोधों में अलग-अलग बातें सामने आती हैं। भिन्न-भिन्न जगहों पर ओजोन परत की स्थिति भिन्न-भिन्न हो सकती है। मूल बात यह है कि आज जिस तरह से पर्यावरण को हानि पहुंचायी जा रही है, वह ओजोन परत के लिए शुभ नहीं है। पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनाकर ही हम ओजोन परत को बचा सकते हैं। कुछ समय पूर्व ओजोन परत पर काम करने वाले कोलोरेडो विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने उपग्रहों के जरिए किए गए अध्ययन में पाया था कि कुछ जगहों पर पिछले दस साल के दौरान ओजोन के स्तर में स्थिरता बनी रही है या फिर इसमें मामूली बढ़ोतरी हुई है। सम्पूर्ण विश्व में ओजोन परत पर हुए अन्य शोधों के द्वारा भी यह बात सामने आई कि 1997 के आस-पास ओजोन क्षय की दर कम हो गई थी। वैज्ञानिकों ने इस सम्बन्ध में 25 साल के आंकड़ों का अध्ययन किया और इस नतीजे पर पहुंचे कि लगातार खराब होती जा रही ओजोन परत की स्थिति कुछ जगहों पर अब बेहतर है। वैज्ञानिकों का मानना है कि कुछ जगहों पर ओजोन परत की स्थिति में सुधार 1987 की अंतरराष्ट्रीय मांट्रियल संधि के कारण ही संभव हुआ है। मांट्रियल संधि का उददेश्य ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने वाली गैसों एवं तत्वों के उत्सर्जन पर रोक लगाना था। लेकिन इसके बाद कुछ जगहों से ओजोन परत की खराब हालत की खबरें भी आईं। वैज्ञानिकों ने सत्तर के दशक में यह खोजा था कि ओजोन परत पतली हो रही है। 1980 के आस-पास यह बहुत स्पष्ट हो गया था कि ओजोन परत का तेजी से क्षरण हो रहा है। इसके लिए विभिन्न मानवनिर्मित कारक जिम्मेदार थे। विभिन्न वैज्ञानिक अध्ययनों के द्वारा यह बात सामने आई कि क्लोरो फ्लोरो कार्बन नामक गैस ओजोन परत को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा रही है। यह गैस मुख्यतः वातानुकूलन एवं प्रशीतन (रेफ्रिजिरेशन) में काम आती है। इसके अतिरिक्त वातावरण में ऊंचाई पर उड़ने वाले जेट विमान भी क्लोरो फ्लोरो कार्बन छोड़ते हैं। इस गैस के द्वारा ओजोन परत को हानि पहुंचते देख वैज्ञानिक जगत चिन्तित था, इसलिए इस तरह की गैसों के उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए 1987 में अंतरराष्ट्रीय मांट्रियल संधि को लागू किया गया। वैज्ञानिकों का मानना है कि कुछ जगहों पर ओजोन परत की सुधरती स्थिति इसी मांट्रियल संधि का नतीजा है। दरअसल कुछ समय पूर्व जारी ओजोन परत की सुधरती स्थिति से सम्बन्धित रिपोर्ट के कारण कोई भ्रम पाल लेना तर्कसंगत नहीं होगा। अनेक जगहों पर ओजोन परत की हालत बहुत अच्छी नहीं है। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि मात्र क्लोरो फ्लोरो कार्बन ही ओजोन परत को नुकसान नहीं पहुंचाती है, बल्कि कुछ अन्य कारक भी ओजोन परत के क्षरण के लिए जिम्मेदार होते हैं। नासा तथा कुछ विश्वविद्यालयों का मानना है कि आज कुछ जगहों पर ओजोन परत की बेहतर स्थिति के लिए क्लोरो फ्लोरो कार्बन के उत्सर्जन में कमी ही मुख्य रूप से जिम्मेदार है। वातावरण में सभी जगह ओजोन की सान्द्रता बराबर नहीं रहती है। उष्णकटिबन्धी क्षेत्रों में ओजोन की सान्द्रता अधिक होती है जबकि ध्रुवीय क्षेत्रों में इसकी सान्द्रता कम होती है। वातावरण में ओजोन फोटो केमिकल प्रक्रिया के द्वारा लगातार बनती तथा नष्ट होती रहती है और इस तरह से इसका संतुलन बना रहता है, लेकिन मानवनिर्मित प्रदूषण के द्वारा वातावरण में ओजोन का सन्तुलन गड़बड़ा जाता है। यह माना जाता है कि वातावरण में ओजोन की हर एक प्रतिशत कमी पर विभिन्न रोग बढ़ने की संभावना दो प्रतिशत अधिक हो जाती है। यह विडम्बना ही है कि एक ओर तो विकसित देश स्वयं ज्यादा प्रदूषण फैला रहे हैं वहीं दूसरी ओर विकासशील देशों को प्रदूषण न फैलाने का भाषण दे रहे हैं। इससे वातावरण को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। अब समय आ गया है कि विश्व के सभी देश खोखले आदर्शवाद की परिधि से बाहर निकलकर वातावरण को बचाने का सामूहिक प्रयास करें।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# ईश्वर की प्राप्ति ही तो जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य



संकलित

## दर्शन

गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने ईश्वर प्राप्ति के तीन -ज्ञान, कर्म तथा भक्ति मार्ग बताए हैं। ज्ञान मार्ग में सांख्य की सहायता से मनुष्य तर्क-वितर्क द्वारा तत्व ज्ञान प्राप्त करने की कोशिश करता है, परंतु अक्सर तर्क-वितर्क में वह अपने मार्ग से भटक जाता है। कर्म मार्ग में भी मनुष्य को निष्काम भाव से कर्म करना होता है। अपने कर्म को ईश्वर को समर्पित करना पड़ता है। इसलिए इसमें भी भटकने की पूरी संभावना होती है। वहीं भक्ति मार्ग में वह अपने आप को पूर्णतया ईश्वर भक्ति में समर्पित कर देता है। वह स्वयं को विचलित नहीं करता है। इसलिए भक्ति मार्ग में ईश्वर प्राप्ति की पूरी संभावना होती है। इन तीनों मार्गों पर चलकर सफल होने के लिए मनुष्य को अष्टांग योग के पहले दो चरणों को जीवन में अपनाना जरूरी है। यह हैं यम और नियम। यम में सत्य, अहिंसा, ब्रह्माचर्य, अस्तेय और अपरिग्रह आते हैं। सत्य शब्द से तात्पर्य है सत्यता का जीवन में हर समय पालन करना। अहिंसा केवल जीव हिंसा से ही संबंधित नहीं है, इसमें दूसरों की भावनाओं को आहत नहीं करना भी आता है। अस्तेय का अर्थ है चोरी न करना और अपरिग्रह से तात्पर्य है कि आवश्यकता से ज्यादा किसी वस्तु या धन का संग्रह न करना। वहीं नियम में शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय और ईश्वर-प्राणिधान आते हैं। शौच से मतलब मन की सफाई होता है। इसके लिए मनुष्य को स्वाध्याय को अपनाना चाहिए। यम और नियम को जीवन में अपनाने के लिए सर्वप्रथम ज्ञानेंद्रियों पर नियंत्रण करना जरूरी है।

# जब कोई झूठा आरोप लगे तो धैर्य न छोड़ें



संकलित

## प्रेरणा

द्वारका में एक सूर्य भक्त था सत्राजित। उसे सूर्य देव ने स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। ये मणि रोज बीस तोला सोना उगलती थी। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में देंगे तो इससे मिले धन से प्रजा की अच्छी देखभाल हो सकेगी। सत्राजित ने श्रीकृष्ण को मणि देने से मना कर दिया। इस घटना के कुछ दिन बाद सत्राजित के भाई प्रसेनजित ने मणि चुरा ली। प्रसेनजित मणि लेकर जंगल में भाग गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। मणि जंगल में ही गिर गई। सत्राजित को जब प्रसेनजित और अपनी मणि नहीं मिली तो उसने श्रीकृष्ण पर आरोप लगा दिया कि कृष्ण ने ही मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण पर चोरी और हत्या का कलंक लग गया। श्रीकृष्ण आरोप को गलत साबित करने के लिए जंगल की ओर चल दिए। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पैरों के निशान दिखे।श्रीकृष्ण समझ गए कि प्रसेनजित को शेर ने मार दिया है और मणि यहीं कहीं गिर गई है। श्रीकृष्ण मणि खोजते हुए एक गुफा में पहुंच गए। गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण ने मणि मांगी तो जामवंत ने नहीं दी। इसके बाद दोनों का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीत गए। इसके बाद जामवंत ने मणि श्रीकृष्ण को दे दी और अपनी पुत्री जामवंती का विवाह भी भगवान के साथ कर दिया। द्वारका लौटकर श्रीकृष्ण ने वह मणि जामवंत से लेकर सत्राजित को दे दी और पूरी सच्चाई बता दी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जनता का दायित्व सिर्फ वोट डालने तक

लोकतंत्र यानी कि लोगों के लिए, लोगों के द्वारा और लोगों की सरकार। लेकिन क्या यह तंत्र असलियत में अपना राजधर्म निभा रहा है, इसका निर्णय भी जनता को ही करना चाहिए। हमारा दायित्व सिर्फ वोट डालने तक ही सीमित नहीं होना चाहिए, जबकि यह आकड़ा भी 50 से 60 प्रतिशत से अधिक नहीं हो पाता। बाकि बची 40 से 45 प्रतिशत जनता इसलिए वोट नहीं डालती कि उन्हें उम्मीदवार पसंद नहीं या उन्हें वोट डालना पसंद नहीं या वो वर्तमान के राजनीतिक हालात से खुश नहीं हैं। ऐसी कई संभावनाएं हैं जो वोट के प्रतिशत को चुनाव आयोग के कई आयोजनों के बावजूद नहीं बढ़ा पा रही हैं। उन नाखुश वोटरों को बेशक वर्तमान में नोटा जैसा प्रावधान दिया है, लेकिन इसके अलावा राइट टू रीकॉल रूपी हथियार को मजबूती दी जाए तो जरूर लोकतंत्र जमीनी स्तर तक वोटरों की भारी भागीदारी के साथ ऊंचे मुकाम पर पहुंचेगा। *- मुकेश झा, भाटापारा*

## ट्रेंड

### प्रभावशाली विकास लाए

हमारे तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन सभी के लिए प्रभावशाली विकास लेकर आए हैं। आज, विकसित भारत के दृष्टिकोण को आकार देने वाली कई परियोजनाएं अहमदाबाद से शुरू की जा रही हैं।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**



### समान मानवाधिकार नहीं

हिंदू मंदिर सरकार के अधीन हैं और कानूनी नियंत्रण चर्च या मस्जिद के समान अधिकार नहीं हैं। वक्फ बोर्ड सरकार से जो चाहे जमीन व कानूनी मंजूरी ले सकता है। जब तक इसमें बदलाव नहीं होता तब तक हिंदुओं के पास समान मानवाधिकार नहीं हैं।

**-डॉ डेविड फ्रॉली, अमेरिकी हिंदू लेखक**



### सिर शर्म से झुक गया

एक शर्मनाक वीडियो सामने आया, जिसमें देश के सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल रूस के राष्ट्रपति पुतिन को नरेंद्र मोदी के यूक्रेन जाने को लेकर सफाई दे रहे हैं। यह बेहद शर्मनाक है। इससे देश के 144 करोड़ लोगों का सिर शर्म से झुक गया।

**-संजय सिंह, आप नेता**



### धैर्य शांत शक्ति

परिवार के साथ धैर्य ही प्रेम है। दूसरों के प्रति धैर्य ही सम्मान है. स्वयं के प्रति धैर्य रखने से आत्मविश्वास बढ़ता है। ईश्वर के प्रति धैर्य ही विश्वास है। धैर्य वह शांत शक्ति है जो एक समय में एक पल में हमारी यात्रा को आकार देती है।

**-हर्ष गोयनका, उद्योगपति**



## करंट अफेयर

# तालिबान ने अफगानिस्तान में पोलियो टीकाकरण रोका



तालिबान ने अफगानिस्तान में पोलियो टीकाकरण अभियान रोक दिया है। संयुक्त राष्ट्र ने सोमवार को यह जानकारी दी। अफगानिस्तान और पाकिस्तान ही केवल दो ऐसे देश हैं, जहां पोलियो पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। सितंबर में टीकाकरण अभियान शुरू होने से ठीक पहले इसे रोकने की खबर संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों को दी गई है और इसके पीछे किसी कारण भी उल्लेख नहीं किया गया है। तालिबान सरकार की तरफ से इस बारे में तत्काल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि उन्हें घर-घर जाकर टीकाकरण करने के बजाय मस्जिदों जैसे स्थानों पर टीकाकरण करने की चर्चाओं की जानकारी मिली है। डब्ल्यूएचओ ने इस वर्ष अफगानिस्तान में पोलियो के 18 मामलों की पुष्टि की है। पाकिस्तान में भी पोलियो के छह मामले सामने आने की बात कही जा रही है। जिसके बाद वहां टीकाकरण अभियान शुरू किया गया पर स्थानीय लोगों के काफी विरोध के बाद उस अभियान को संयुक्त राष्ट्र को रोकना पड़ा। आज विश्व के अधिकांश देशों से पोलियो का सफाया हो चुका है।

## ऑफ बीट

# पृथ्वी के पास शनि की तरह कभी कोई छल्ला रहा होगा



लगभग 46.6 करोड़ वर्ष पहले बना एक ऐसा छल्ला हमारे ग्रह के अतीत की कई पहेलियों को सुलझा सकता है। लगभग 46.6 करोड़ वर्ष पहले बहुत सारे उल्कापिंड पृथ्वी से टकराने लगे थे। हम यह जानते हैं क्योंकि भूवैज्ञानिक रूप से संक्षिप्त अवधि में इसके असर के कारण पृथ्वी पर कई गड्ढे बने। इसी अवधि में हमें यूरोप, रूस और चीन में चूना पत्थर के भंडार भी मिले जिनमें एक प्रकार के उल्कापिंड का बहुत ज्यादा मलबा था। इन तलछटी चट्टानों में उल्कापिंड के मलबे का संकेत मिलता है कि वे आज गिरने वाले उल्कापिंडों की तुलना में बहुत कम समय के लिए अंतरिक्ष विकिरणों के संपर्क में थे। इस दौरान कई सुनामी भी आईं, जैसा कि अन्य असामान्य अव्यवस्थित तलछटी चट्टानों में देखा जा सकता है। हमारा मानना है कि ये सभी विशेषताएं एक-दूसरे से संबंधित हैं लेकिन उन्हें आपस में क्या जोड़ता है? हम उल्कापिंड के असर के कारण बने 21 गड्ढों के बारे में जानते हैं। हम देखना चाहते थे कि क्या उनके स्थान में कोई गौर करने वाली बात है। अतीत में पृथ्वी की टेक्टोनिक प्लेटों की गतिविधियों के मॉडल का उपयोग करके हमने यह पता लगाया कि जब ये सभी गड्ढे पहली बार बने थे तो वे कहां थे। हमने पाया कि सभी गड्ढे उन महाद्वीपों पर हैं जो इस अवधि में भूमध्य रेखा के करीब थे।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



देश की हाईस्पीड ट्रेन में शुमार दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस दुर्ग से विशाखापट्टनम के लिए पटरियों पर दौड़ने लगी है। सोमवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इसकी शुरुआत की। रायपुर में वंदेभारत को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जिसके बाद ट्रेन एक हजार से अधिक यात्रियों को लेकर विशाखापट्टनम के लिए रवाना हुई है। ट्रेन के शुभारंभ के दौरान वर्चुअली रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी जुड़े। इस दौरान मंच में राज्यपाल रमेन डेका, केंद्रीय राज्य मंत्री, आवास एवं श्री तोखन साहू, सांसद दुर्ग विजय बघेल, सांसद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल समेत अन्य विधायक उपस्थित रहे।

हरिभूमि ने रायपुर से महासमुंद तक किया वंदेभारत में सफर, आधुनिक सुविधा का लिया जायजा

# देश की सबसे तेज ट्रेन 'वंदेभारत' का स्टेशन में भव्य स्वागत, यात्रियों ने कहा- प्लेन जैसा सफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भगवा रंग में चमचमाती वंदे भारत को दुलहन की तरह सजाया गया है। ट्रेन दोपहर को जैसी ही प्लेटफार्म पर पहुंची लोगों ने वंदे भारत के नारों के साथ स्वागत किया। यहां बैंड बाजे, ढोल ताशे के बीच लोग नाचते हुए नजर आए। ट्रेन को फूलों की पंखुड़ियों से सजाया गया था। लोग ▶▶|शेष पेज 2 पर




## यह रहेगा वंदे भारत ट्रेन का किराया

दुर्ग से विशाखापट्टनम तक एग्जीक्यूटिव का किराया 2410, चेयर कार का 1205 रुपए तय किया गया है। वहीं रायपुर से एक्जिक्यूटिव क्लास का किराया 2300 रुपए और चेयर कार का 1150 रुपए है, जबकि दुर्ग से विशाखापट्टनम जाने के लिए सामान्य ट्रेन ▶▶|शेष पेज 2 पर



## पायलट ने उतारी ट्रेन की नजर

वंदेभारत में सुरक्षित यात्रा के लिए लोको पायलेट ने परिचालन से पहले ट्रेन की नीबू व मिर्च से ट्रेन की नजर उतारी, ताकि ट्रेन और यात्रियों के साथ कोई अप्रिय घटना न हो। पहला सफर दुर्ग की महिला ट्रेन सुपरिटेंडेंट अंजू लकड़ा की निगरानी में हुआ। रायपुर से 4:30 को रवाना हुई ट्रेन रात 12.20 बजे विशाखापट्टनम पहुंचेगी। कार्यक्रम में विधायक राजेश मूणत, विधायक पुरन्दर मिश्रा, मोतीलाल साहू, दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव के साथ आरंग विधायक खुशवंत साहेब, महापौर एजाज ढेबर, पूर्व सांसद सुनील सोनी ने यात्रियों को वंदेभारत की शुभकामनाएं दी।

## मेट्रो ट्रेन से भी बेहतर एहसास

उद्घाटन के बाद वंदेभारत एक्सप्रेस में टीम हरिभूमि ने रायपुर से महासमुंद तक सफर किया। ट्रेन में बच्चों के साथ सभी वर्गों ने सफर का आनंद लिया। ज्यादातर यात्रियों ने पहली बार वंदेभारत में सफर करने की बात कही। कुली, बुजुर्ग महिलाओं के साथ स्कूली बच्चों के चेहरों पर वंदेभारत में सफर की खुशी दिखाई दी। प्लेन में एयर होस्टेस की तरह इस ट्रेन में लड़कियां मौजूद रहीं, जो यात्रियों ▶▶|शेष पेज 2 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### एडीजीपी के नाम फर्जी फेसबुक का खुलासा



**जम्मू।** पुलिस ने जम्मू के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) आनंद जैन के नाम से फेसबुक पर फर्जी अकाउंट बनाए जाने का पता लगाया। लोगों को सतर्क रहने एवं किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की सूचना उन्हें देने की सलाह दी। उसने लोगों से ऐसे किसी भी अकाउंट से न जुड़ने का आग्रह किया।

### दो सगी बहनें गंगा नदी में बहीं



**देहरादून।** जिले के रायवाला क्षेत्र में हरिपुर कलां में अपने छोटे भाई को बचाने के प्रयास में दो सगी बहनें गंगा नदी के तेज बहाव में बह गईं। मृतक लड़कियों की पहचान साक्षी (15) और वैष्णवी (13) के रूप में हुई है। घटना गीता कुटीर घाट पर हुई जहां हरिपुर कलां के रहने वाली एक महिला नहा रही थी।

दिल्ली के नए मुख्यमंत्री को लेकर आप नेताओं में मंथन, आज फैसला

# विधायक दल की बैठक में चुना जाएगा नया सीएम, एलजी से मिलेंगे केजरीवाल

*मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ऐलान किया था कि वह अपना इस्तीफा देंगे। उन्होंने इस्तीफा देने के लिए समय मांगा। उन्हें मंगलवार शाम का समय मिला है। इससे पहले उन्होंने पीएसी की बैठक बुलाई। अरविंद केजरीवाल ने वन-टू-वन नए मुख्यमंत्री के बारे में चर्चा की। इस बैठक में नई सरकार के संभावित नेतृत्व पर गहन चर्चा हुई।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली का नया मुख्यमंत्री चुनने के लिए सोमवार शाम को आम आदमी पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक सहित कई बैठकें हुई। एक दिन पहले ही अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की अप्रत्याशित घोषणा की थी। आप नेताओं ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया मुख्यमंत्री पद के संभावित नामों पर केजरीवाल के साथ चर्चा के लिए उनके आधिकारिक आवास पर पहुंचे। आप की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक दिल्ली के मुख्यमंत्री के आवास पर हुई। मुख्यमंत्री के ▶▶|शेष पेज 2 पर

- केजरीवाल के आवास पर बैठक में संभावित नामों पर हुई चर्चा

## आज शाम एलजी को इस्तीफा सौंपेंगे केजरीवाल



### इन नामों पर चर्चा

- राखी बिड़लान
- सुनीता केजरीवाल
- आतिशी
- गोपाल राय
- सौरभ भारद्वाज
- कैलाश गहलोत

### सौरभ बोले- भाजपा को लेकर नाराजगी



*आम आदमी पार्टी के सीनियर नेता सौरभ भारद्वाज ने 16 सितंबर की दोपहर प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा, भारतीय जनता पार्टी को लेकर जबरदस्त नाराजगी है। वो लोग चुने हुए मुख्यमंत्री के पीछे पड़ गए हैं, अपनी पूरी ताकत लगा दी है। केजरीवाल जेल से बाहर निकले तो उन्होंने सत्ता का सुख नहीं भोगा। उन्होंने कहा कि जब तक जनता नहीं कहेगी, मैं इस सत्ता की कुर्सी पर नहीं बैठूंगा। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि केजरीवाल को प्रधानमंत्री के इशारे पर फंसाया गया और उनके षड्यंत्र का पर्दाफाश हो गया।*



### उपराज्यपाल ने केजरीवाल को आज शाम मिलने का दिया वक्त

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मुलाकात के लिए समय मांगा था। उन्हें मंगलवार शाम का समय मिला है। सूत्रों की मानें तो एलजी से मिलकर अरविंद केजरीवाल उन्हें मुख्यमंत्री पद से अपने इस्तीफे के बारे में जानकारी देंगे। वह मंगलवार को सीएम पद से इस्तीफा दे सकते हैं।

### केजरीवाल का पसंदीदा होगा अगला सीएम!

*केजरीवाल का उत्तराधिकारी वही होगा जो उनका वफादार हो, जिसकी निष्ठा और योग्यता पर उन्हें पूर्ण विश्वास हो। नया मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की देखरेख में ही काम करेगा। इससे वह प्रशासनिक नियंत्रण बनाए रखने में सक्षम होंगे। केजरीवाल जनता को यह संदेश देने की कोशिश करेंगे कि सीबीआई और ईडी जैसी जांच एजेंसियों का इस्तेमाल करके उनके खिलाफ राजनीतिक साजिश हुई। इसके बावजूद उन्होंने काम करना जारी रखा।*

# नान ट्रेड सीमेंट की कीमत 15 रुपए कम, अब दाम 245 रुपए

- पूरी कीमत कम करने की बिल्डर एसोसिएशन ऑफ इंडिया की मांग




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




प्रदेश की सीमेंट कंपनियों ने सीमेंट की कीमत अचानक 50 रुपए बढ़ाने के बाद हरिभूमि के लगातार खबर प्रकाशित करने के साथ ही चौरतरफा दवाब और सियासी उबाल के बाद खुले बाजार में बिकने वाले सीमेंट की कीमत तीन बार में 45 रुपए तक कम कर दी, लेकिन नॉन ट्रेड सीमेंट के दाम कम नहीं किए थे। हरिभूमि के एक बार फिर से खबर प्रकाशन के बाद अब जाकर नान ट्रेड सीमेंट की ▶▶|शेष पेज 2 पर

### बिलिंग में अब भी खेल

*जानकारों का कहना है कि भले सीमेंट कंपनियों ने खुले बाजार के सीमेंट के दाम 45 रुपए कम कर दिए हैं, लेकिन बिलिंग में एक पैसा कम नहीं किया जा रहा है। डीलरों को जरूर कई तरह की स्कीमों के तहत 45 रुपए कम में सीमेंट दिया जा रहा है। आने वाले समय में जब मामला ठंडा पड़ जाएगा, तो कंपनियां थोड़े-थोड़े करके वापस 50 रुपए दाम बढ़ा देंगी।*

### नान ट्रेड की कीमत हो पूरी वापस

सरकारी कामों में लगने वाले सीमेंट को नान ट्रेड कहा जाता है। इसकी कीमत पहले 210 रुपए थी इसको 260 रुपए कर दिया गया है। हरिभूमि ने एक बार फिर से 15 सितंबर के अंक में जब इसको लेकर खबर का प्रकाशन किया तो सोमवार को नान ट्रेड की कीमत 15 रुपए कम की गई है। बिल्डर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के रायपुर सेंट्रल के अध्यक्ष रूपेश कुमार सिंघल का कहना है, सीमेंट कंपनियों की मनमर्जी के कारण छत्तीसगढ़ के साथ ही देश के हर राज्य में चल रही सरकारी योजनाओं की लागत बढ़ जाएगी। छत्तीसगढ़ से सीमेंट देश के कई राज्यों में जाता है। ऐसे में सबसे अहम यह है कि नान ट्रेड ▶▶|शेष पेज 2 पर

कटघोरा थाना क्षेत्र का मामला

# ट्रक चालक से लूट, एसईसीएल के मैनेजर समेत 5 गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

पुलिस अफसर बनकर ट्रक चालक ने लूटपाट करने वाले एसईसीएल के पांच अधिकारी, कर्मचारियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार ट्रक मालिक अफसर अंसारी के चालक गढ़वा झारखंड निवासी हार्दिक अंसारी उम्र 44 वर्ष पिता शेखवत अंसारी ने थाने में लिखित ▶▶|शेष पेज 2 पर

### पुलिस ने लिया एक्शन

शिकायत सामने आते ही कटघोरा थाना प्रभारी धरमनारायण तिवारी ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 126 (2), 119 (2), 310 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया। इसके बाद वारदात में शामिल केरा रोड थाना शिवरीनारायण निवासी मुकेश केशरवानी उम्र 36 वर्ष पिता प्रदीप केशरवानी, आदर्श नगर जयपुर निवासी अभिषेक मीणा उम्र 26 वर्ष पिता रामप्रसाद मीणा, सनसिटी सीकर निवासी ▶▶|शेष पेज 2 पर

## इन्वेस्टर्स समिट में शामिल हुए सीएम साय



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को गुजरात के गांधीनगर में चौथे ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स समिट एंड एक्सपो (री-इंवेस्ट-24) का शुभारंभ किया। इसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ में क्लीन और ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को मंच से साझा किया।







# सेना को मिली एक मिनट में 700 राउंड फायरिंग करने वाली 35 हजार राइफलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



एके 203 असॉल्ट राइफलें अब दुश्मनों के होश उड़ा देगी। भारत-रूस के संयुक्त उद्यम ने पहले चरण में भारतीय सेना को 35,000 राइफलों की डिलीवरी की है। यह राइफलें एक मिनट में 700 राउंड फायरिंग करने में सक्षम है। खास बात यह है कि यह एके 203 असॉल्ट राइफलें छत्तीसगढ़िया मूल के बेटे पाटन के मेजर जनरल सुधीर शर्मा के नेतृत्व में तैयार की गई हैं। मेजर जनरल सुधीर शर्मा ने सेना में ▶▶|शेष पेज 2 पर




- छत्तीसगढ़ के मेजर जनरल सुधीर के नेतृत्व में बनाई गई 35हजार एके 203 असॉल्ट राइफलें सेना के जवानों तक पहुंचीं

### पाटन के रहने वाले हैं मेजर

*बता दें कि मेजर जनरल सुधीर शर्मा पाटन (छत्तीसगढ़) के रहने वाले हैं और उनके माता-पिता दुर्ग के बोरसी में रहते हैं। वह पिछले 36 वर्षों से सेना में हैं और उनके पास आतंकवाद विरोधी अभियानों, मानव प्रबंधन, कूटनीति और परियोजना प्रबंधन का व्यापक अनुभव है।*

### सर्वश्रेष्ठ असॉल्ट राइफल

मेजर जनरल सुधीर शर्मा के नेतृत्व और मार्गदर्शन में आईआरआरपीएल द्वारा बनाई गई एके 203 दुनिया की सर्वश्रेष्ठ असॉल्ट राइफलों में से एक होगी। 800 मीटर की रेंज और 700 राउंड प्रति मिनट की फायरिंग दर के साथ, यह आतंकवाद विरोधी और पारंपरिक ऑपरेशन दोनों में हमारी सेना के जवानों के लिए एक घातक हथियार होगा।

## 20 सितंबर को लॉन्च होगा 'वेट्टैयन' का ऑडियो...

**मुंबई।** सुपरस्टार रजनीकांत की 'वेट्टैयन' का निर्देशक टीजे ज्ञानवेल कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग रजनीकांत पहले ही खत्म कर चुके हैं। बीते दिनों मेकर्स ने इस फिल्म की रिलीज डेट का भी खुलासा कर दिया। यह फिल्म 10 अक्टूबर को रिलीज होगी। ऑडियो लॉन्च 20 सितंबर को होगा। लाइका प्रोडक्शंस के एक्स हैंडल से एक पोस्ट साझा किया गया है। इसके साथ लिखा है, 'अपने कैलेंडर में तारीख पर निशान लगा लीजिए। फिल्म 'वेट्टैयन' का ऑडियो लॉन्च और प्रिव्यू इवेंट 20 सितंबर नेहरू स्टेडियम में शाम छह बजे से होगा। सितारों से सजी एक शाम के लिए तैयार रहिए'। 'वेट्टैयन' का निर्देशक टीजे ज्ञानवेल कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले हुआ है। इसमें अनिरुद्ध रविचंदर का संगीत है। वेट्टैयन कई दिग्गज सितारों से सजी फिल्म होगी।

आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
HMS ARSH-RAHAT
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते है तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
94060-21769

# काफी मायने रखता है ये सम्मान...

एजेंसी ▶▶ मुंबई

साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवॉर्ड्स में ऐश्वर्या राय ने मुख्य किरदार में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (आलोचक) का पुरस्कार जीता। उन्हें ये पुरस्कार पोन्नियिन सेलवन 2 के लिए दिया गया। इस फिल्म में उन्होंने दोहरी भूमिका (नंदिनी और मंदाकिनी देवी) अदा की है। इस खास मौके पर ऐश्वर्या राय को भाषण देते हुए भी सुना गया। इस दौरान उनकी बेटी आराध्या भी समारोह में मौजूद थी। उन्होंने कहा कि मुझे पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। ये मेरे लिए काफी मायने रखता है, क्योंकि ये फिल्म मेरे दिल के बहुत नजदीक थी। पोन्नियिन सेलवन, जिसे मेरे गुरु मणिरत्नम ने डायरेक्ट किया था। इसमें नंदिनी के रूप में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए मेरे काम को सम्मानित किया जाना वाकई में फिल्म की पूरी टीम के काम का जश्न मनाने जैसा है। साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवॉर्ड्स का आयोजन दुबई में किया गया। ऐश्वर्या राय को कबीर खान के हाथों पुरस्कार मिला। इस दौरान आराध्या अपने फोन में इस पल को कैद करती हुई दिखाई दी।



हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं :
मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑंक्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन
सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग
नशा उन्मूलन
एवं यौन रोग
विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No.
7724035770
9329004557
9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं :
पी.एफ.टी.
ब्रांकोस्कोपी
स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# आईफा अवॉर्ड्स के शानदार मंच पर जानदार परफॉर्मेंस के लिए तैयार हैं जाह्नवी

**मुंबई।** अपने बेहतरीन परफॉर्मेंस और लाजवाब ख़ूबसूरती के लिए जाने वाली अभिनेत्री जाह्नवी कपूर आईफा महोत्सव 2024 के मंच पर अपना जलवा दिखाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। **NEXA IIFA** अवॉर्ड्स (को-प्रेजेंटेड बाय सोभा रियलटी) का आयोजन एक बार फिर से अबू धाबी के यास आइलैंड में किया जा रहा है। आईफा में उनकी अब तक की यात्रा बेहद असाधारण रही है। अपनी पहली ही फ़िल्म में अपनी एक्टिंग से दुनिया भर के लोगों का दिल जीतने वाली जाह्नवी बेहद कम समय में ही आईफा जैसे प्रतिष्ठित प्लेटफॉर्म की चेहती अदाकारा के तौर पर उभरकर सामने आई हैं। आईफा से जाह्नवी का गहरा जुड़ाव और सिनेमा के प्रति उनके जुनून को दर्शाता है जो उन्हें आईफा परिवार का एक अभिन्न अंग बनाता है। आप भी भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े मंच आइफा में जाह्नवी की वापसी और स्टेज पर उनके जबर्दस्त परफॉर्मेंस को देखने के लिए हो जाइए तैयार। जाह्नवी ने अपनी ख़ुशी को बयां करते हुए बताया, 'दुनिया भर में भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े जश्न में शामिल होने और आईफा अवॉर्ड्स के भव्य मंच पर पहली बार परफॉर्म करने को लेकर मैं काफ़ी रोमांचित महसूस कर रही हूं। आईफा वो जादुई किस्म का जश्न है जहां उत्साह और रोमांच का अनूठा संगम देखने को मिलता है। आईफा में अपने पहले ही एपीरियंस से मुझे भारतीय सिनेमा को सलाम करने वाले दुनिया भर के दर्शकों से एक अलग तरह का जुड़ाव महसूस हुआ था। आईफा के ग्रीन कार्पेट से लेकर मंच तक, हरेक लम्हा बेहद ख़ास और यादगार होता है। मैं 27 से 29 सितंबर को अबू धाबी के यास आइलैंड में आयोजित होने जा रहे आईफा जैसे बेहद प्रतिष्ठित और वैश्विक स्तर पर मनाए जाने वाले सिनेमाई उत्कृष्टता, उपलब्धियों और संस्कृति से जुड़े महोत्सव में शिरकत करने को लेकर बहुत आतुर हूं।



# दस साल की उम्र में विवेक ने घर-घर जाकर बेचा परफ्यूम...

**नई दिल्ली।** विवेक ओबेरॉय बॉलीवुड के प्रतिभावान अभिनेताओं में से एक हैं। वह अपने अभिनय के साथ-साथ अपनी उद्यमशिलता के लिए भी जाने जाते हैं। अभिनेता ने रियल स्टेट के अलावा कई कंपनियों की स्थापना भी की है। हाल ही में उन्होंने अपने पिता का आभार जताया कि उन्होंने उनके अंदर एक बिजनेसमैन की मानसिकता बचपन से ही पैदा की। अभिनेता ने साझा किया कि किस तरह से उनके पिता ने उन्हें बचपन में सीख दी। उन्होंने कहा, 'मैं लगभग 10 साल का था जब मेरे पिता ने मुझसे कहा कि हम एक महीने में छुट्टी पर जाएंगे, लेकिन उससे पहले, वह मुझे पहले चार हफ्तों में कुछ सिखाएंगे। उन्होंने मुझे एक डायरी रखने और मेरे लिए खरीदे गए परफ्यूम की सूची को ट्रैक करने के लिए कहा। उन्होंने मुझसे कहा कि मैं जो भी परफ्यूम उसकी कीमत से अधिक बेचने में कामयाब हो जाऊंगा, वह मेरा होगा।' विवेक ने आगे कहा, 'मैं अपनी साइकिल पर घर-घर गया, अपने स्कूल बैग को माल से भरा। मैंने गलतियां की लेकिन बहुत कुछ सीखा। मैंने हर साल इसे जारी रखा। जब मैं 15 साल का था, तब मैंने अपने खुद के विचार विकसित करना शुरू कर दिया और शेयर बाजार में कदम रखा। मैंने छोटे-छोटे उद्यमी परियोजना शुरू की।' उन्होंने 19 साल की उम्र में एक टेक कंपनी की स्थापना की और 22 साल की उम्र में इसे मुनाफे पर बेच दिया। विवेक ने कहा, 'तभी मुझे एहसास हुआ कि एक कंपनी स्थापित करना, उसे किसी एमएनसी को बेचना और निवेशकों और खुद दोनों को पैसे कमाने में मदद करना संभव है।'



epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है। सैलरी 5,000 से 20,000 कमाने का अवसर पता खम्हारडीह पुलिस स्टेशन के पास न्यू सेल्स टैक्स कॉलोनी रायपुर संपर्क करें 9343467254, 7470490884.(RO-6483)

आवश्यकता है- ऑफिस में टेलीकॉलर, कंप्यूटर वर्क ,हेतु महिला /युवती की आवश्यकता है । आकर्षक वेतन+ कमीशन, कमाने का सुनहरा अवसर शीघ्र संपर्क करें ढिल्लन कॉम्प्लेक्स सुपेला भिलाई मो - 9302650639, 8839171274.(आरो न.-585)

### पेट्रोल पंप कर्मी

आवश्यकता है- पुजारी फ्यूल्स राजेंद्र नगर में कार्य करने हेतु लड़के व लड़कियों की आवश्यकता है काम किए हुए को प्राथमिकता मोबाइल नंबर - 8720050022.(RO-6482)

### आवश्यकता

आवश्यकता है- ओम ज्वेलर्स इंदिरा मार्केट दुर्ग में लड़कियों की अतिशीघ्र आवश्यकता है। संपर्क करे (आरो नं -6380)

### ड्रायवर

आवश्यकता है- रायपुर शहर के भीतर ड्राइवर चाहिए जो ड्राइवरी सहित अन्य कार्य भी कर सके वेतन 12000/- प्रतिमाह लाइसेंस के साथ 1 दो हेल्परों की भी आवश्यकता हैं वेतन 9000/- प्रति माह संपर्क:- 99267-53341.(RO-2984)

### सुरक्षागार्ड/सुपरवाइजर

आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड और ऑफिस सुपरवाइजर की आवश्यकता है लड़के और लड़कियों की:- पोस्ट- 389 (8th से 12th) सैलरी (19500 से 32500) ड्यूटी जिलानुसार All India संपर्क करें:- 8358085619.(RO-2995)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी RAIPUR) मे बंडल खोलने/ पैक करने के लिए स्टाफ लड़का/ लड़की की आवश्यकता एवं सेल्समेन की आवश्यकता है। मो. 7067048454 (RO-6487)

### फील्ड वर्क

आवश्यकता है- फील्ड वर्क के लिए (साउंड सिस्टम, वीडियो स्क्रीन) टेक्नीशियन 12वीं पास ITI पास फ्रेशर या अनुभवी लड़कों की आवश्यकता है। रहने की व्यवस्था सैलरी पांच अंको में। संपर्क:- यश. एल. ई. डी. टेक्नोलॉजी कचना रायपुर 7773009704.(RO-6488)

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- साड़ी, सूट व रेडीमेड कपड़ा दुकान में सेल्समैन व सेल्सगर्ल एंव हेल्पर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार प्रेम NX नेताजी चौक कटोरा तालाब रायपुर 9893377713, 8770718084, 8319639801. (RO-7402)

छोटा विज्ञापन

### कंसट्रक्शन कार्य

आवश्यकता है - CISCONS कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड में काम करने के लिए आवश्यक स्टाफ। लिमिटेड, एनटीपीसी लारा पावर प्लांट में। मानव संसाधन अधिकारीः 5 वर्ष का अनुभव. किसी भी एनटीपीसी संयंत्र निर्माण में। सुरक्षा अधिकारीः 5 वर्ष का अनुभव. औद्योगिक सुरक्षा प्रमाणपत्र के साथ. सुरक्षा पर्यवेक्षकः 5 वर्ष का अनुभव। औद्योगिक परियोजनाओं में. कोई भी डिप्लोमा. अकाउंट्स एवं स्टोर प्रभारीः 10 वर्ष के अनुभव के साथ बीए/बी.कॉम. इलेक्ट्रीशियनः किसी भी सरकार से वायरमैन परमिट के साथ आईटीआई/डीईई। विभाग। सिविल इंजीनियरः डीसीई 5 वर्ष के अनुभव के साथ। औद्योगिक परियोजनाओं में. सिविल पर्यवेक्षकः 5 वर्ष के अनुभव के साथ आईटीआई। औद्योगिक परियोजनाओं में. कंक्रीट बैचिंग प्लांट ऑपरेटरः 5 वर्ष का अनुभव। तुरंत शामिल होने के इच्छुक व्यक्ति अपना बायोडाटा अंग्रेजी में व्हाट्सएप द्वारा 9502393999 पर भेज सकते हैं।

### घरेलु कार्य

आवश्यकता है- घर का समस्त कार्य करने के लिए मेहनती एक महिला कामवाली की,24 घंटे साथ में रहने खाने की सुविधा मुफ़्त जल्दी संपर्क करें - रायपुर mobile - 8839536035, 7987466526.(RO-258)

### अकाउटेंट/टेलीकॉलर

आवश्यकता है- कलेक्शन एजेंसी को भिलाई में (1) अकाउंटेंट पद 05 वेतन- (10000-25000), (2) टेलिकॉलर पद 20 वेतन (7000-12000), Contact : 9589049626 , 9399921416 , Mail : egenesis.2023@gmail.com, हेड ऑफिस- इ जेनेसिस फाइनेंसियल सोलूशन्स, 4/16 दक्षिण गंगोत्री, सुपेला, भिलाई (आरो न.-583)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### केयर टेकर

आवश्यकता है- 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला के लिए पूर्ण कालिक 35 वर्ष तक की जिम्मेदारी मुक्त सेवाभावी सेविका चाहिए वेतन आपसी सहमति से/ रहना खाना फ्री उच्च जाति को प्राथमिकता अनुबंध आवश्यक होगा। मोबाइल 9425518442. केवल 8 से 10 शाम (RO-6479)

### रिसेप्शनिष्ट/सेल्स

Requirement- 1. Reception staff- 2 female, 2. Sales Executive- 2 M/F, 3. Office Assistant- M/F 2, 4. साफ- सफाई- Female-2 Address- Lal Ganga shopping complex mobile:- 8823000065.(RO-6486)

### मार्केटिंग/टेलीकॉलर

आवश्यकता है- सनरेज बिल्डर को मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव एवं टेलीकॉलर मेल फीमेल वेतन योग्यता अनुसार संपर्क सुपेला नेहरू भवन भिलाई -92000 02422 787 9030 886.(आरो न.-584)

### सेल्समैन

Requirment- Experience salesman for sale industrial goods rolling mills Raipur, Raigarh, and Orissa mob. No. 9830027878. (RO-2993)

### अन्य

आवश्यकता है- जरूरतमंद लोग की आयुवेदिक कंपनी में दवा पैक करने के लिए संपर्क करें शिक्षित / बेरोजगार जरूरतमंद लड़कें-लड़कियाँ हाउसवाइफ घर बैठे दवाई पैकिंग करके पार्टटाइम/ फुलटाइम 30,500/- से 35,500/- महीना कमाएं ( जरुरतमंद लोग WHATSAPP या कॉल करें) NOC -2150/- +91 62673 24667. (RO-1331)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

आवश्यकता है- भारत की नंबर-1, Reliance Jio 5G कंपनी (SMS JOB) लड़के- लड़कियां, गृहणियां, रिटायर्ड पर्सन, घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, ADDRESS QUALIFICATION, WhatsApp /Call करें:- 8391958072.(RO-2986)

आवश्यकता है- Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घर बैठे कमाए (21500- 48500) महीना (लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त) NAME, पता QUALIFICATION, CALL /SMS /WHATSAPP करें:- 9102935834. (RO-2975)

आवश्यकता है- फ्रॉड कॉल से सावधान RELIANCE JIO 5G कंपनी में घर बैठे (SMS /Job) करके लड़के- लड़कियां, गृहणियां कमाये (21,500- 45,500) महीना (लैपटॉप, मोबाइल मुफ्त) NAME, ADDRESS, QUALIFICATIONS, WhatsApp /Call करें:- 9372730168, 8433747810.(RO-2992)

आवश्यकता है- सुनहरा अवसर कम्पनी द्वारा भारतीय वनविभाग में सीधी पक्की भर्ती ,(12200) पदों पर, पद - फॉरेस्टगार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी ,10th+12th पास लड़के लड़कियां , सैलरी - (32200 + 69500) आवेदन हेतु अपना आधारकार्ड ,पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट, व्हाट्सएप / कॉल करें - 9434227378.(RO-457)

## Astrology ज्योतिष

ज्योतिष - गुरु माँ सुमित्रा देवी एक फोन में चमत्कार महाकाली की शक्ति मेरी भक्ति सिर्फ 72 घंटो में लव मैरिज, वशीकरण, मनचाहा प्यार, माता पिता को मनाना, हर समस्या का घर बैठे समाधान - 9993670089.(RO-2989)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

## Education शिक्षण

प्रवेश प्रारंभ- *फेल विद्यार्थी समय बचाए* :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करेः- B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, (*एक साल में*) M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECH-NIC, B.Tech, सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क:- *Bharti Education Academy* *Sector-6 Bhilai* Mo.-9826196515, 9826896515 नोट :- *एडमिशन हेतु फ्रेंचाइजी सेंटर & एजेंन्ट आमंत्रित* (आरो नं -6381)

## Home Buildup भवन निर्माण

प्रीमियम निर्माण- स्ट्रक्चर - 890/- मैटेरियल सहित, पूर्ण फिनिशिंग 1390/- वर्गफीट दर से प्रारंभ, भूमि पूजन से लेकर गृह प्रवेश तक. अनुभवी इंजीनियरों की देखरेख में वास्तु अनुरूप नक्सा, ब्रांडेड मैटेरियल और फिनिशिंग में फॉल्स सीलिंग सहित लाइट, पंखे ,मॉड्यूलर किचन। 88274 91733, 8719911918. (RO-559)

## Purchase खरीदना

गोडाऊन - गोदाम की, खरीदी/ बिक्री व किराए हेतु, बिजली HT कनेक्शन सहित, संपर्क करें, मयंक बर्मन- 9174154266, 8770072688.(RO-3738)

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

क्या आप देना चाहते है... अपने बिजनेस को बेहतर प्रतिसाद
"तलाश की नई सुबह", तो पढ़ते रहिए हरिभूमि क्लासिफाईड
Space Available for Ad. 6263818152

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare

गुप्त रोगो का सफल ईलाज पैसा ठीक होने के बाद
❖ गुप्त रोग, नामर्दी
❖ लिंग में छोटापन।
❖ शीघ्र पतन
❖ पेशाब से धातू जाना।
❖ लिंग में ढीलापन,
❖ शुक्राणु की कमी।
❖ शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
❖ जड़ीबुटी द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
❖ चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
निःसंतान दम्पति आज ही मिलें
आज ही संपर्क करें 9753901137
पारख कॉम्लेक्स, शॉप नं.-16, ग्रीन चौक दुर्ग

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिगं को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330



रायपुर

रायपुर, मंगलवार 17 सितंबर 2024

भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्दशी

वर्ष : 23, अंक : 62

पृष्ठ : 14+4+4+8 = 30 मूल्य : 5.00**

मौसम

अधि. 30.6

न्यून. 25.3

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





किश्तवाड़ की चुनावी सभा में बोले गृहमंत्री शाह

# ‘कश्मीर को फिर आतंकवाद की ओर धकेलना चाहती हैं कांग्रेस और नेकां’

एजेंसी ▶▶| किश्तवाड़



जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किश्तवाड़ में एक रैली की। इस रैली में गृह मंत्री अमित शाह नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। साथ ही उन्होंने 370 को लेकर भी सरकार का स्टैंड क्लियर किया। उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस पर ‘‘अपने परिवार की सरकार’बनाने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वे जम्मू कश्मीर में सत्ता में नहीं आ सकते। साथ ही राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर को फिर से आतंकवाद की ओर धकेलना चाहते हैं। जम्मू कश्मीर में भाजपा नेता अमित शाह ने बार-बार दावा किया है कि कांग्रेस और उसकी सहयोगी नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) आतंकवाद के प्रति नरम रुख रखती है और यदि गठबंधन सरकार सत्ता में आती है तो वे आतंकवादियों और पत्थरबाजों को जेलों से रिहा करने की योजना बना रही है। हालांकि उनके दावे को नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला पहले ही खारिज कर चुके हैं।

## यह कहा रैली में

चुनावी रैली में शाह ने कहा, “एक बार फिर यहां आतंकवाद के लिए समर्थन जुटाने की कोशिश की जा रही है। एनसी और कांग्रेस ने तो यहां तक वादा किया है कि अगर वे सत्ता में आए तो इन आतंकवादियों को रिहा कर देंगे। लेकिन मैं आज आपको भरोसा दिलाता हूं कि जब तक नरेंद्र मोदी की सरकार (केंद्र में) है, कोई भी भारत की धरती पर आतंकवाद फैलाने की हिम्मत नहीं कर पाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आतंकवाद को उस स्तर तक दफनाने का संकल्प लिया है कि वह फिर न लौट पाए। उन्होंने कहा, ‘आज मैं इस क्षेत्र के सभी शहीदों को याद करता हूं और वादा करता हूं कि हम आतंकवाद को इस तरह खत्म कर देंगे कि यह फिर कभी नहीं उभरेगा।’

## किसानों को ₹4000, युवाओं को ₹3500 बेरोजगारी भत्ते का वादा




कांग्रेस का मेनिफेस्टो जारी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के लिए कांग्रेस ने सोमवार शाम मेनिफेस्टो जारी किया है। इसमें जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिलाए जाने की कही गई है। पूरे मेनिफेस्टो में आर्टिकल 370 का जिक्र नहीं है। पार्टी ने भूमिहीन किसानों को हर साल 4 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने और बेरोजगार युवाओं को एक साल तक हर महीने 3500 रुपए का बेरोजगारी भत्ता देने का ऐलान किया है। पार्टी ने वादा किया है कि गरीब परिवारों को मिलने वाले 5 किलो राशन को बढ़ाकर 11 किलो किया जाएगा।

गुरुकुल आश्रम आमसेना में हुआ त्रि-वार्षिक निर्वाचन

# कैप्टन रूद्रसेन बने उत्कल आर्य प्रतिनिधि सभा के संरक्षक




**संबलपुर।** उत्कल आर्य प्रतिनिधि सभा ओडिशा का त्रिवार्षिक निर्वाचन 15 सितंबर को गुरुकुल आश्रम आमसेना में संपन्न हुआ। इसमें पूरे ओड़िशा से 125 आर्य समाज के प्रतिनिधि, अधिकारियों ने भाग लिया। सर्व सम्मति से पुनः स्वामी धर्मानंद सभा के प्रधान चुने गए। स्वामीजी के परामर्श से ही कार्यकारिणी का गठन हुआ। सभा के संरक्षक के रूप में कैप्टन रूद्रसेन सिंधु एवं दो कार्यकर्ता प्रधान- स्वामी व्रतानंद सरस्वती, पंडित वीरेंद्र कुमार पांडा, चार उप प्रधान- स्वामी विशुद्धानंद सरस्वती, सोमदत्त शास्त्री, चितरंजन पांडा, मनोरंजन बाबू बनाए गए। इसी तरह, मंत्री- दुष्यंत स्वाई, तीन उपमंत्री- राजकुमार बराड़, रमेश भोई, कुमेंदु पटेल, कोषाध्यक्ष- सुरेंद्र मिश्र (संबलपुर) व मीडिया प्रभारी सुनील डे बनाए गए। इन पदाधिकारियों के साथ ही वेद प्रचार अधिष्ठाता, अंतरंग सदस्य, आमंत्रित सदस्य, आमंत्रित प्रतिनिधि सदस्य, उपदेष्टा मंडली व निर्वाचन अधिकारी का भी गठन किया गया।

## महर्षि के सपनों को करें साकार

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे हुई। मंच में ईश्वर स्तुति प्रार्थना उपासना, भजन के साथ स्वामी धर्मानंद की उपस्थिति एवं स्वामी व्रतानंद सरस्वती के अध्यक्षता में सभा के मंत्री आनंद कुमार शास्त्री ने विगत 3 वर्षों के आय-व्यय एवं कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में स्वामी धर्मानंद ने सभी को महर्षि दयानंद के सपनों को साकार करने के लिए प्रेरणा एवं महर्षि की दो सौवीं जन्म शताब्दी पर भुवनेश्वर में आर्य महासम्मेलन और उत्कल आदेश प्रतिनिधि सभा के 50 वर्ष पूरे होने पर गांव-गांव में वेद प्रचार एवं आर्य समाज के गठन धर्म रक्षा के लिए सबको कटिबंध होने की प्रेरणा दी। अंत में आर्यवीर दल की ओर से सभी पदाधिकारियों का पुष्प माला से स्वागत डॉक्टर कुंजदेव मनीषी के नेतृत्व में किया गया ।

# फ्लोरिडा स्थित गोल्फ क्लब में ट्रंप की हत्या की कोशिश

## एके-47 जैसी राइफल लेकर गोल्फ क्लब में छिपा था हमलावर



एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर 64 दिन बाद एक बार फिर से जानलेवा हमले की कोशिश हुई है। सीएनएन के मुताबिक ट्रम्प फ्लोरिडा में पाम बीच काउंटी के इंटरनेशनल गोल्फ क्लब में खेल रहे थे। तभी उनकी सुरक्षा में लगे सीक्रेट सर्विस एजेंट को झाड़ियों में एक संदिग्ध छिपा दिखाई दिया। उसके पास एके-47 जैसी राइफल और गो प्रो कैमरा था।

बंदूक का निशाना गोल्फ कोर्स की तरफ था। ट्रम्प और हमलावर के बीच की दूरी करीब 300 से 500 मीटर थी। एजेंट ने संदिग्ध को देखते ही उस पर फायरिंग की, जिसके बाद वह अपनी ब्लैक एसयूवी से भाग गया। इस दौरान वहां मौजूद एक चश्मदीद ने संदिग्ध की गाड़ी की तस्वीर खींच ली। इसमें मिली नंबर प्लेट के आधार पर सीक्रेट सर्विस ने गाड़ी का पीछा किया और गोल्फ कोर्स से 60 किलोमीटर दूर हाईवे पर संदिग्ध को पकड़ लिया।

## दोपहर की है घटना

ट्रंप के प्लान में नहीं था गोल्फ क्लब जाना घटना भारतीय समयानुसार रविवार रात साढ़े 11 बजे हुई इस वक्त अमेरिका में दोपहर के 2 बजे थे। एफबीआई को मामले की जांच की जिम्मेदारी दी गई है। एफबीआई ने इसे ट्रम्प की हत्या की कोशिश बताया है। संदिग्ध को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। संदिग्ध की पहचान 58 साल के रयान रॉथ के तौर पर हुई है। सीक्रेट सर्विस ने जानकारी दी है कि ट्रम्प सुरक्षित हैं। अभी तक पता नहीं चल पाया है कि ट्रम्प पर गोली चली थी या नहीं। सीएनएनने सूत्रों के हवाले से बताया है कि ट्रम्प का गोल्फ खेलना पहले से तय नहीं था। इसे आखिर में उनके शेड्यूल में जोड़ा गया था। जब उन पर हमले की कोशिश हुई उस वक्त ट्रम्प के साथ रिपब्लिकन पार्टी के एक डोनर स्टीव विटकॉफ भी थे।

# ‘शोगन’ का एमी अवॉर्ड्स में दबदबा, जीते 14 अवॉर्ड



एजेंसी ▶▶| लॉस एंजलिस

एंटरटेनमेंट जगत में सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड एमी अवॉर्ड्स का इंतजार काफी वक्त से हर कोई कर रहा था जो कि 15 सितंबर को खत्म हो गया। 76वें प्राइमटाइम एमी अवॉर्ड्स को लॉस एंजिल्स के पीकॉक थिएटर में ऑर्गेनाइज किया गया। इस बार यूजीन लेवी और डैन लेवी ने इस इवेंट को होस्ट किया है। नॉमिनेशन की बात की जाए तो ड्रामा सीरीज ‘शोगन’ और ‘द बीयर’दोनों का ही दबदबा कायम रहा है. इस साल शोगन को सबसे ज्यादा नॉमिनेशन मिले। नॉमिनेटेड सेलिब्रिटीज के अलावा अवॉर्ड देने के लिए वियोला डेविस, कॉलिन फैरेल, जोशुआ जैक्सन, डॉन जॉनसन, मिंडी कलिंग, जॉन लेगुइजामो, जॉर्ज लोपेज, स्टीव मार्टिन, मार्टिन शीन, डिक वैन डाइक और क्रिस्टन विग जैसे कलाकार शामिल थे।

## ‘शोगन’ ने जीते 14 अवॉर्ड

*76वें प्राइमटाइम एमी अवॉर्ड्स में ‘शोगन’ ने सबसे ज्यादा अवार्ड जीतकर जलवा बिखेरा। ‘शोगन’ ने इस इवेंट में 14 अवार्ड जीते हैं। क्रिएटिव आर्ट्स एम्मीज में पिछले हफ्ते के आखिर दो रातों में विजेताओं की घोषणा की गई, जिनमें रूडोल्फ ने ‘बिग माउथ’ में अपनी आवाज के काम के लिए अपना छठा एमी अवॉर्ड जीती हैं। साथ ही जेमी ली कर्टिस ने भी ‘द बियर’ में अपनी अपियरेंस के लिए सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवॉर्ड जीता है।*




## जैकेट के शेष

### मौत से धधकी...

मानता था कि उसकी पत्नी को कुर्सी से हटाने की साजिश के पीछे शिवप्रसाद का हाथ हैर इसलिए दोनों के बीच रंजिश पलती रही। शिवप्रसाद की बेटी बताती है कि कुछ महीनों पहले रघुनाथ ने शिवप्रसाद को मारने की धमकी दी थी। इसकी जानकारी गांव के लोगों को भी थी। यही नहीं, सामाजिक और आर्थिक विषयों को लेकर भी दोनों के बीच रंजिश काफी वक्त से चल रही थी। इसीलिए दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ अलग अलग मामलों में अपराध भी दर्ज कराए, जेल भी गए और समझौता कर बाहर भी आ गए। कुछ महीने पहले दोनों के बीच मारपीट की घटना हुई थी, जिसमें दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया था। यही वजह है कि हरिभूमि की टीम ने जब शिवप्रसाद की बेटी खिलेश्वरी से बात की तो उसने दो टूक लहजे में पिता की मौत के लिए रघुनाथ को जिम्मेदार ठहराया। जबकि रघुनाथ के बेटे विनोद का कहना है उसके पिता ने अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाई, इससे अवैध शराब बिक्री करने वाले लोग उनके खिलाफ हो गए।

**मोबाइल छीना, सीसीटीवी को जलाया :** शिवप्रसाद की मौत के बाद रघुनाथ के घर पहुंचे ग्रामीण आक्रोशित तो थे पर सारी घटनाओं को रणनीति के तहत अंजाम दिया। इसीलिए जब पुलिस टीम गांव पहुंची और वीडियो बनाने की कोशिश की तो ग्रामीणों ने पुलिस के हाथ से मोबाइल छीन लिया। इतना ही नहीं, ग्रामीणों ने सीसीटीवी कैमरे को भी आग के हवाले कर दिया। हालांकि पुलिस अधिकारियों का दावा है कि डीवीआर घटना की रात ही जब्त कर लिया गया था। रणनीति के तहत ग्रामीणों ने पुलिस को भटकाने की भी कोशिश भी की। अफसरों को बताया गया कि रघुनाथ टंगिया लेकर खेत की तरफ चला गया है। हालांकि पुलिस टीम सही समय पर घटनास्थल पर पहुंच गई और रघुनाथ की पत्नी और परिवार को बचाने में सफल रही।

### दोनों को ले डूबी...

इच्छा सरपंच बनकर गांव में वर्चस्व कायम करने की थी। इस वजह से दोनों एक दूसरे के दुश्मन बन बैठे, लेकिन दोनों का ही सरपंच बनने का सपना टूट गया और पूरे घटनाक्रम का दुखद अंत हुआ।

### हर मंगलवार अकाल...

हर एंगल से होगी जांचः इस मामाले को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव ने कहा कि मामले को पूरी गंभीरता से लेते हुए गांव के कई संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस इस घटना को लेकिन अलग अलग एंगल से जांच हो रही है।

### पहले से ही रची...

परिवार में महिलायें जरूर मिली लेकिन कोई भी इस घटना को लेकर बात करने को तैयार नहीं थी। इसी बीच हरिभूमि संवाददाता ने गांव के एक महिला से स्थानीय बोली में चर्चा की तो बताया कि 15 सितंबर को 7 बजे पहली बैठक गांव के एक आम पेड़ के नीचे हुई थी लेकिन गांव वाले मौसम परिवार के मुखिया मौसम बुच्चा को लाने की जिद्द करने लगे जिस पर मौसम परिवार ने प्रधान आरक्षक मौसम बुच्चा को बुलाया और उसके आते ही उसके घर पर ही पूर्व से ही तैयार बैठे ग्रामीणों ने एक मत हो कर हमला कर दिया। बताया जाता है कि सबसे पहले मौसम परिवार की बहन करका लच्छी की हत्या की गई।

### तेलीबांधा मरीन ड्राइव में...

ड्राइव स्थित मोमोज सेंटर में काम करने वाली योगिता साहू की हत्या के आरोप में राजनांदगांव निवासी लोकेश्वर तारक को गिरफ्तार किया गया है। लोकेश्वर पूर्व से शादीशुदा है, जिसका योगिता के साथ कथित रूप से प्रेम प्रसंग चल रहा था। योगिता तथा लोकेश साथ में काम करते थे। कुछ दिन पूर्व योगेश ने काम छोड़ा है। दोनों के बीच किस बात को लेकर विवाद था, पुलिस इसकी जांच करने की बात कह रही है। घटना शाम पौने चार बजे के करीब की है।

**पकड़े जाने के डर से तालाब में कूदा :** युवती को चाकू मारने के बाद लोकेश ने खुद को चाकू मारकर घायल कर लिया। इसी दौरान युवती के चीखने की आवाज सुनकर लोग लोकेश को पकड़ने के लिए दौड़े, तब वह भीड़ से बचने के लिए तालाब में कूद गया। इसके बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। मौके पर उपस्थित लोग युवती को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल लेकर गए, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस तथा एसडीआरएफ की टीम ने तालाब से लोकेश को रेस्क्यू किया और उपचार के लिए अस्पताल लेकर गए।

### रायपुर जोन कमिश्नर...

इस तबादला आदेश के खिलाफ जोन कमिश्नर ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई। मामले की सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता के तबादला आदेश पर रोक लगा दी है। 21 अगस्त 2024 को राज्य शासन ने एक आदेश जारी कर नगर निगम रायपुर के जोन कमिश्नर पद पर पदस्थ रमेश जायसवाल का बिलासपुर जिले के नगर पालिका परिषद तखतपुर स्थानांतरण करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी के पद पर पदस्थापना आदेश जारी कर दिया है। नगरीय प्रशासन विभाग के इस आदेश को चुनौती हुए अधिवक्ता मतीन सिद्दीकी और नरेंद्र मेहेर के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दायर की। याचिका में कहा गया कि जूनियर अफसर याचिकाकर्ता के सर्विस बुक का संधारण भी करेंगे। सुनवाई के बाग कोर्ट ने यह भी व्यवस्था दी है कि तब तक याचिकाकर्ता को रायपुर नगर निगम के जोन कमिश्नर के पद से कार्यमुक्त ना किया जाए।

### तीन चरणों में होंगी...

भाजपा संगठन के पदाधिकारीशामिल हुए। बैठक में निगम, मंडल, आयोग और प्राधिकरण की सूची पर मंथन किया गया। कुल पदों और दावेदारों के संदर्भ में भी चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि नियुक्तियां एक साथ न करके तीन चरणों में की जाएं।

**तीसरे चरण में निगम :** तीसरे चरण में निगमों की नियुक्तियां की जाएंगी। निगम अध्यक्षों के साथ-साथ निगम सदस्यों की भी बड़ी सूची जारी की जाएगी। तीनों चरणों में प्रदेशभर के भाजपा कार्यकर्ताओं को उनकी काबिलियत, निष्ठा और सक्रियता के आधार पर पद दिया जाएगा।

### विदा लेंगे आज...

स्थल पर 11 पंडितों की व्यवस्था कर दी है, जो सुबह से लेकर देर शाम तक शहरभर से लाई जाने वाली छोटी बड़ी गणेश प्रतिमाओं की विसर्जन पूर्व पूजा अर्चना कराएंगे। वहीं तीन पाली में विसर्जन व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित कराने 17 की सुबह 6 बजे निगम के अधिकारी कर्मचारियों की शिफ्ट वाइज डयूटी शुरू हो जायेगी।

### 10 हजार से अधिक...

तालाब किनारे पानी से भरे ड्रम की अस्थायी विसर्जन कुंड के रूप में व्यवस्था भी कराई गई है।

# घरेलू-वैश्विक चुनौतियों के बीच आज से राजधानी दिल्ली में शुरू होगा नौसैन्य कमांडर सम्मेलन

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे नौसैन्य कमांडरों को संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



वर्तमान में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई सुरक्षा चुनौतियों के बीच मंगलवार से राजधानी में नौसेना के चार दिवसीय (17 से 20 सितंबर तक) कमांडर सम्मेलन की शुरुआत होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नौसेना के वरिष्ठ कमांडरों को संबोधित करेंगे। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल वी.आर.चौधरी और सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी भी नौसेना के कमांडरों के समक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय अपेक्षाओं के विषय पर अपने विचार रखेंगे। नौसेना ने सोमवार को बताया कि नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी 17 सितंबर को कमांडर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगे। उनके अलावा बल की देश के बाकी भागों में मौजूद कमांड के प्रमुख यानी कमांडर और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी इसमें शामिल होंगे।

### रणनीतिक तैयारियों की होगी व्यापक समीक्षा

*नौसेना के मुताबिक, यह एक अर्धवार्षिक सम्मेलन है। जिसमें नौसेना से जुड़े हुए प्रमुख सामरिक, रणनीतिक और प्रशासनिक विषयों को लेकर सभी कमांडर विचार-विमर्श करेंगे। इसका आयोजन भू-राजनीतिक और भू-सामरिक हालात, क्षेत्रीय चुनौतियों और पश्चिम एशिया में जारी समुद्री जटिलताओं के बीच हो रहा है। ऐसे में यह आयोजन भारतीय नौसेना के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। नौसेना की रणनीतिक तैयारियों की व्यापक समीक्षा, क्षमता विकास योजना, स्वदेशीकरण के राष्ट्रीय विजन को बढ़ावा देने के साथ ही आत्मनिर्भरता और बल की युद्धक प्रभावोत्पादकता के विषय पर भी नौसेना के कमांडर आपस में चर्चा करेंगे।*

### एकीकरण को बढ़ावा मिलेगा

सीडीएस और दो अन्य सशस्त्र सेनाप्रमुखों द्वारा नौसेना के कमांडरों को संबोधित करने से तीनों सेनाओं के बीच विवाद और थिएटर कमांड के गठन की स्थिति में आपसी सहयोग को बढ़ावा देने में काफी मदद मिलेगी। जबकि एडमिरल त्रिपाठी कई प्रमुख रणनीतिक, मटीरियल, लॉजिस्टिक, मानव संसाधन विकास, प्रशिक्षण और समुद्री हितों को सुरक्षित करने से जुड़े जरूरी कदमों की सम्मेलन के दौरान समीक्षा करेंगे। नौसैन्य कमांडरों के बीच मेक इन इंडिया अभियान के तहत जारी परियोजनाओं को बढ़ावा देने और वर्ष 2047 तक संपूर्ण आत्मनिर्भरता के विजन के पूरा होने के विषय पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### आईओआर में प्रतिक्रिया देने में सबसे आगे

नौसेना ने बताया कि नौसेना ने हमेशा ड्रोन और मिसाइल हमलों के दौरान समुद्री व्यापार की सुरक्षा के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सबसे पहले पहुंचकर मदद पहुंचाई है। इसके जरिए उसने नौसेना को हिंद महासागर क्षेत्र में एक पसंदीदा सुरक्षा प्रतिक्रिया बल के रूप में अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है।

## पापुआ न्यू गिनी : हिंसा में 50 लोग मरे

**मेलबर्न।** पापुआ न्यू गिनी में अवैध खननकर्ताओं के बीच हिंसा में 20 से 50 लोग मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। दक्षिण प्रशांत द्वीपीय राष्ट्र की सरकार के अनुसार यह हिंसा कुछ दिन पहले शुरू हुई थी और पोर्गेरा घाटी में अब भी जारी है। यह जगह मई में हुए भूस्खलन वाले स्थान के पास स्थित है, जिसमें दो हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। पापुआ न्यू गिनी के लिए संयुक्त राष्ट्र के मानवीय सलाहकार मेट बागोसी ने कहा कि रविवार तक कम से कम 20 लोगों की मौत की जानकारी एंगा प्रांत में समुदाय के सदस्यों और स्थानीय अधिकारियों से प्राप्त हुई है। बागोसी ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया, “अब तक पुष्टि हुई है कि कम से कम 20 लोग मारे गए हैं, लेकिन मेरे पास जो खबर है, उसके अनुसार यह संख्या 50 तक हो सकती है।” उन्होंने बताया कि हिंसा जारी है। बागोसी ने सेना और पुलिस का जिक्र करते हुए कहा, “आज कुछ सुरक्षा कर्मियों ने इलाके में प्रवेश करना शुरू कर दिया है... इसलिए यह देखना बाकी है कि इसका क्या प्रभाव होगा।” बागोसी के पास घायलों की संख्या के बारे में जानकारी नहीं थी।

# अब आधुनिक तरीके से महिलाओं को जोड़ेगी महिला कांग्रेस, वेबसाइट लांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस पार्टी की महिला इकाई ने अपने स्थापना दिवस पर एक वेबसाइट लांच की। इस वेबसाइट के माध्यम से महिला कांग्रेस देशभर में सदस्यता अभियान चलाएगी। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा ने पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं से महिला कांग्रेस से जुड़ने की अपील करते हुए विश्वास दिलाया कि न्याय की लड़ाई में पार्टी उनका साथ देगी। उन्होंने कहा कि पार्टी महिला कार्यकर्ताओं को लीडरशिप ट्रेनिंग देकर सशक्त बनाने का काम भी करेगी। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महिला कांग्रेस को बधाई और उनके सदस्यता अभियान के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं। एक संदेश में खरगे ने कहा कि महिलाएं कांग्रेस संगठन की बहुत मजबूत शक्ति रही हैं। सरदार पटेल को बारदोली में ‘सरदार’ की उपाधि महिला शक्ति ने ही दी थी। कमला नेहरू, सरोजिनी नायडू, अरुणा आसफ अली, राजकुमारी अमृत कौर जैसी कई नायिकाओं ने अंग्रेजी राज को हिला दिया था। भारत रत्न इंदिरा गांधी, जिनके द्वारा महिला कांग्रेस की स्थापना की गयी थी। उन्होंने देश की पहली महिला प्रधानमंत्री के रूप में अपने कामों से जो छाप छोड़ी है, उसकी मिसाल दी जाती है। कांग्रेस संगठन में सोनिया गांधी के श्रम और योगदान की भी मिसाल दी जाती लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि महिला आरक्षण अधिनियम कांग्रेस के लिए स्थापित एवं महत्वाकांक्षी महिला नेताओं को बढ़ावा देने और उनका समर्थन करने का अवसर है। गांधी ने अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की 40वीं वर्षगांठ पर अपने संदेश में कहा कि ‘भारत जोड़ो यात्रा’ और ‘भारत जोड़ो न्याय यात्रा’ के दौरान उन्होंने पूरे भारत की ऐसी उल्लेखनीय महिलाओं से मुलाकात की जो बदलाव के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

**खास बातें**

- इस वेबसाइट के माध्यम से चलाया जाएगा देशभर में सदस्यता अभियान

### *अन्याय के खिलाफ सबसे उग्र व निडर आवाजें महिलाओं की*

*इस अवसर पर महिला कांग्रेस का उत्साह बढाते हुए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, कइयों में समाज में दूरगामी बदलाव लाने का जुनून, दृढ़ता और प्रतिबद्धता दिखी। अन्याय के खिलाफ कुछ सबसे उग्र और निडर आवाजें महिलाओं की थीं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में महिलाओं को सार्वजनिक जीवन में सार्थक अवसरों से वंचित करने का कोई कारण नहीं है। गांधी ने महिला कांग्रेस की पूर्व एवं वर्तमान नेताओं तथा सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने इस संगठन को एक-एक ईंट जोड़कर खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि 1984 के ‘बैंगलोर अधिवेशन’ के बाद से एआईएमसी ने एक लंबा सफर तय किया है। उन्होंने कहा, मैं पहली बार राष्ट्रव्यापी ऑनलाइन सदस्यता अभियान शुरू करने के लिए एआईएमसी को इस अवसर पर बधाई देना चाहता हूं।*

## पेज एक के शेष

### देश की सबसे तेज ट्रेन...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाते रहे और वंदे भारत ट्रेन को देखने और सेल्फी लेने उमड़ पड़े। हर कोई ट्रेन के भीतर चढ़ने और आधुनिक सुविधा को देखने उत्सुक नजर आया। ट्रेन दुर्ग से रायपुर पहुंची। हरी झंडी के बाद ट्रेन महासमुंद के लिए रवाना हुई। इसके बाद खरियार रोड, काटाबांजी, टिटलागढ़ व केसींगा फिर रायगढ़ा के बाद विशाखापट्टनम पहुंची। सभी स्टेशनों में जनप्रतिनिधि और लोगों ने ट्रेन का ट्रेन का गर्मजोशी से स्वागत किया।

**20 हजार करोड़ से ज्यादा मंजूर :** कार्यक्रम में केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि यह ट्रेन छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश के बीच सेतु का काम करेगा। पहले 12 से 14 घंटे का सफर करना पड़ता था लेकिन अब 8 घंटों में ही विशाखापट्टनम पहुंच सकते हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में रेलवे के विकास के लिए 20 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि स्वीकृत की गई है।

### यह रहेगा वंदे भारत...

से करीब 16 घंटे लगते हैं। जनरल का किराया 170 रुपए, स्लीपर का 320 रुपए, थर्ड एसी का 812 और सेकंड एसी का किराया 1169 रुपए है।

### मेट्रो ट्रेन से भी...

को खाना और नाश्ता पानी परोसती हुई नजर आईं। यात्रियों ने कहा कि ट्रेन में प्लेन जैसी सुविधा है। ट्रेन में बैठकर ऐसा लग रहा है मानों हवाई जहाज की यात्रा कर रहे है। लंबी यात्रा करने तकलीफ नहीं होगी। यात्री एकता मिश्रा ने बताया कि दिल्ली, मुंबई में मेट्रो से बेहतर हमारी वंदेभारत एक्सप्रेस है, जो सेंसर के साथ खुलती है और ट्रेन हर स्टेशन पर खुद ही अलगे स्टेशन की जानकारी भी देती है।

### विधायक दल की बैठक में चुना...

संभावित दावेदारों में दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्ष राखी बिड़लान, आप प्रमुख केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल सहित दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी, गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत के नामों की चर्चा है। पार्टी मुख्यालय में रविवार को आप कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने अपने ऊपर भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जब तक जनता उन्हें ईमानदारी का प्रमाणपत्र नहीं दे देती, तब तक वह इस पद को स्वीकार नहीं करेंगे। आप प्रमुख ने कहा है कि वह मुख्यमंत्री और मनीष सिसोदिया उप मुख्यमंत्री तभी बनेंगे जब जनता उन्हें ईमानदार कहेगी। आबकारी नीति से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में शुक्रवार को तिहाड़ जेल से जमानत पर रिहा हुए केजरीवाल ने कहा कि अगले कुछ दिन में वह ‘आप’ के विधायकों की बैठक करेंगे और पार्टी में से किसी सहकर्मी को मुख्यमंत्री चुना जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उन्हें भ्रष्ट साबित करने की कोशिश कर रही है। केजरीवाल ने दावा किया कि भाजपा लोगों को अच्छे स्कूल और मुफ्त बिजली नहीं दे सकी क्योंकि वे भ्रष्ट थे। उन्होंने कहा, हमलोग ईमानदार हैं। केजरीवाल ने रविवार को कहा, वे गैर भाजपाई मुख्यमंत्रियों पर झूठे मामले दर्ज करा रहे हैं। अगर मुख्यमंत्रियों को गिरफ्तार किया जाता है तो उनसे अनुरोध करूंगा कि वे इस्तीफा नहीं दें बल्कि जेल से अपनी सरकार चलाएं। उन्होंने कहा, मैंने (आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार किए जाने के बाद) इस्तीफा नहीं दिया क्योंकि मैं लोकतंत्र का सम्मान करता हूं और मेरे लिए संविधान सबसे ऊपर है। उन्होंने कहा कि सिर्फ ‘आप’ ही है जो भाजपा की ‘साजिशों’ के खिलाफ खड़ी हो सकती है।

### नान ट्रेड सीमेंट की ...

कीमत 15 रुपए कम की गई है। अब इसकी कीमत 245 रुपए है। सरकारी काम करने वाली देश की सबसे बड़ी संस्था बिल्डर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के रायपुर सेंट्रल के अध्यक्ष रूपेश कुमार सिंघल का कहना है, नान ट्रेड सीमेंट की कीमत भी पूरी तरह से वापस होनी चाहिए। दाम बढ़ने से प्रदेश के साथ देशभर की सरकारी योजनाओं पर इसका असर पड़ेगा और सरकारी योजनाओं में लागत बढ़ जाएगी। प्रदेश की सीमेंट कंपनियों ने प्रदेश में डिमांड न होने के बाद भी पश्चिम बंगाल, उप्र और बिहार सहित कुछ राज्यों की डिमांड को देखते हुए सीमेंट के दाम 50 रुपए बढ़ा दिए थे। जहां खुले बाजार के सीमेंट की कीमत में इजाफा किया गया, वहीं सरकारी काम में आने वाले नान ट्रेड सीमेंट की कीमत भी 50 रुपए बढ़ा दी गई। इस मामले में रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को भी पत्र लिखा। इधर कांग्रेस ने प्रदेश में 12 सितंबर को आंदोलन किया। चौतरफा विरोध के बाद सीमेंट कंपनियों ने पहले 25 से 35 रुपए कीमत कम की। इसके बाद अल्ट्राटेक ने दस रुपए और दाम कम किए। फिर बाकी सीमेंट कंपनियों के साथ अल्ट्राटेक ने भी दस रुपए और कीमत कम कर दी है।

### नान ट्रेड की कीमत हो...

सीमेंट की कीमत में जितना इजाफा किया है, वह पूरा कम करना चाहिए।

### ट्रक चालक से लूट, ...

शिकायत की है कि वह ट्रक क्रमांक सीजी 12 बीजे 6068 में रायपुर से चावल लोड कर फरबेसगंज बिहार जा रहा था। रात्रि लगभग 3:15 बजे ढेलवाडीह बायपास पर जब वो पहुंचे तो कुछ लोग एक बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 12 बीजी 9852 से सायरन बजाते हुए गाड़ी के पास आए। गाड़ी से 5 लोग उतरे और खुद को टीआई व पुलिस अफसर बताते हुए डराने धमकाने लगे। गाड़ी का पेपर व बिल्टी मांगने लगे। गाड़ी के सभी पेपर दिखाने के बाद वे हार्दिक अंसारी को जबरदस्ती गाड़ी से खींचकर बाहर निकालने लगे। सभी 5 लोग गाड़ी के कागजात सही नहीं है, कहते हुए हार्दिक अंसारी से पैसे की मांग करने लगे। पैसा नहीं देने पर जेल भेजने की बात कहने लगे। पांचों युवकों ने हार्दिक के पास रखे 2 हजार रुपए नकद और उसका मोबाइल भी छीनकर अपने पास रख लिया। वे सभी एक-दूसरे को साहब कहकर बुला रहे थे। हार्दिक अंसारी ने बताया कि वे लोग सड़क पर जा रहे सभी भारी वाहनों से वसूली कर रहे थे।

**एसईसीएल में पदस्थ सभी आरोपी :** ट्रक चालकों से सूचना मिली थी कि ढेलवाडीह बाईपास पर कुछ लोग नकली पुलिस बनकर पैसा वसूली कर लूटपाट कर रहे हैं। जिस पर पुलिस ने फौरन कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले में कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें से 1 असिस्टेंट मैनेजर, 2 इंजीनियर, 1 चालक एवं 1 कम्प्यूटर ऑपरेटर हैं। सभी आरोपी एसईसीएल बगदेवा खदान में पदस्थ हैं।

- **धरमनारायण तिवारी**, थाना प्रभारी, कटघोरा

**नियमों के तहत कार्रवाई होगी :** उक्त प्रकरण की आंतरिक जाँच की जा रही है। सीडीए रूल्स तथा कंपनी के अन्य संगत नियमों के अंतर्गत यथा आवश्यक कारवाई की जाएगी।

- **डॉ सनीश चंद्र**, पीआरओ, एसईसीएल

### पुलिस ने लिया...

विकास मीणा उम्र 28 वर्ष पिता स्वर्गीय सतीश मीणा, सिंघाली बस्ती निवासी दिलीप कुमार यादव उम्र 25 वर्ष पिता परदेशीराम यादव, बलगी निवासी हरप्रसाद पटेल उम्र 27 वर्ष पिता स्वर्गीय संतोष पटेल को गिरफ्तार किया। ये सभी एसईसीएल की बगदेवा खदान में कार्यरत कर्मचारी हैं। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

### सेना को मिली...

सेवा देते हुए अपनी एक और बड़ी उपलब्धि से राष्ट्र के साथ राज्य का नाम भी रोशन किया है। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में बनाई जा रही 35000 एके 203 असॉल्ट राइफलें (शेर) सीमावर्ती इलाकों में भारतीय सेना के जवानों के हाथों में पहुंच गई हैं। दिसंबर 2024 तक सेना को 20000 और राइफलें मिलेंगी। मेजर जनरल सुधीर शर्मा को एक गहन चयन प्रक्रिया के बाद अगस्त 2023 से भारत सरकार द्वारा इंडो रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ और एमडी के रूप में नियुक्त किया गया है। यह रक्षा मंत्रालय के तहत एक संवेदनशील और रणनीतिक परियोजना है। इस कंपनी के पास रूस की कलाश्निकोव कंपनी से प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के साथ भारत में 601427 एके 203 राइफल बनाने का ऑर्डर है।

एके 203 का उत्पादन संयंत्र अमेठी में है। स्वदेशीकरण की सावधानीपूर्वक प्रक्रिया के बाद अगले एक साल के भीतर राइफलें 100 प्रतिशत भारत में बनाई जाएंगी। इसके बाद फैक्ट्री हर दिन 600 से ज्यादा राइफलें बनाने में सक्षम होगी। ये राइफलें भारत में होमलैंड सिक्योरिटी और राज्य पुलिस बलों को भी बेची जाएंगी। इन्हें मेक इन इंडिया प्रोजेक्ट के तहत मित्र विदेशी देशों में भी निर्यात किया जाएगा।

## कनाडा में उत्तरी ब्रिटिश कोलंबिया के तट पर आए दो भूकंप

**वैंकूवर (कनाडा)।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के उत्तरी तट पर रविवार को दो भूकंप आए जिनमें से एक की तीव्रता 6.5 मापी गई। इन भूकंपों के कारण जान माल का कोई नुकसान होने की फिलहाल कोई खबर नहीं मिली है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने बताया कि पहले आए भूकंप की तीव्रता 6.5 मापी गई जो स्थानीय समयानुसार अपराह्न तीन बजकर 20 मिनट पर आया। उसने बताया कि इसका केंद्र वैंकूवर से लगभग 1,720 किलोमीटर उत्तर में स्थित हैदा ग्वाई द्वीपसमूह के पास 33 किलोमीटर की गहराई में था। ‘प्राकृतिक संसाधन कनाडा’ ने बताया कि लगभग एक घंटे बाद उसी क्षेत्र में 4.5 तीव्रता का दूसरा भूकंप आया।

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे मुवक्किल द्वारा विक्रेता श्रीमती माधुरी राय, पति श्री सत्येन्द्र नारायण राय, निवासी- शीतला मंदिर के पीछे डेयरी मोहल्ला न्यू चंगारोभाठा रायपुर तहसील व जिला - रायपुर छ.ग. के भूमि स्वामी हक स्वामित्व एवं आधिपत्य की आवासीय परिवर्तित भूमि जो वाके मौजा- अमलेश्वर (हर्षित नियो सिटी), प.ह.नं. 05, रा.नि.मं. भिलाई 03, तहसील पाटन, जिला- दुर्ग छ.ग. में स्थित है, जिसका खसरा नंबर - 215/5, प्लॉट नंबर - सी 16 रकबा - 1500 वर्गफुट है, को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि अदा किया जा चुका है अब केवल बकाया प्रतिफल अदायगी उपरांत वैनामा पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः इस आम सूचना के जरिए सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति, संस्था, समूह, फर्म, कंपनी, ट्रस्ट, संस्था को उक्त सौदे पर या सौदाशुदा संपत्ति पर कोई हक दावा उजर या आपत्ति है तो वह हमारे कार्यालय में मय दस्तावेज आम सूचना प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत करें। मौखिक एवं बगैर दस्तावेज तथा म्याद बाद की गयी आपत्ति स्वयमेव शून्य व नाजायज माना जायेगा ।

सो सूचना जाने ।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 16.09.2024

भवदीय
जितेन्द्र साहू, अजीत पाण्डेय
(अधिवक्तागण)
मो. 7974779626, 7586832659

**न्यायालय तहसीलदार भिलाई-3 के न्यायालय में**
**मामला क्रमांकः 202409101600010**
विषयः- अ-19 (1) सनः- 2023-2024
**मामले की श्रेणी :- राजस्व**
चोरहा प.ह.नं. 00011 [( हे.)]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ
अनावेदक पक्षकार - राजस्व विभाग,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक छत्तीसगढ़ युवा प्रगतिशील किसान संघ, ग्राम खपरी (कुम्हारी) तह. धमधा, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा मौजा ग्राम चोरहा, प.ह.नं. 11, रा.नि.मं. कुम्हारी, तह भिलाई 03, जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 28 रकबा 3.6300 हेक्टे. (9.075 एकड़) भूमि में से 5 एकड़ भूमि को आवेदक के पक्ष में विभिन्न गतिविधियों हेतु आबंटित किये जाने बाबत मय आवेदन कार्यालय कलेक्टर महोदय दुर्ग के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भिलाई 03 द्वारा इस न्यायालय को आवेदन प्राप्त हुआ हैं।

उक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को उजर आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता/अधिवक्ता के माध्यम से लिखित रूप में नियत दिनांक 03.10.2024 के पूर्व इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक उपरांत प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/09/2024 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
(मुहर) भिलाई-3, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

## राशिफल

**मेष:** मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**वृष:** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मिथुन:** आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

**कर्क:** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

**सिंह:** मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या:** परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।

**तुला:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।

**वृश्चिक:** धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**धनु:** वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर:** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**मीन:** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

## शब्द पहेली - 5635



**बाएँ से दाएँ**
1.जायकेदार,लजीज-5
4.नट का खेल-4
7.राय,वोट-2
8.दुरुह,कठिन-3
9.प्रहार,घात-2
10.अचरज भरा कार्य-4
11.शराब,मद्य-2
13.साझेदार-4
14.क्षण,लम्हा-2
16.सहयोग-3
18.अड़िग-3
19.कैद, बंधक-3,2
21.चुगली करना-2,3
24.धावक (अंग्रेजी-3)
26.अग्नि, आग-3
28.टैक्स, हाथ-2
29.एक मुगल सम्राट-4
30.टकटकी-2
32.कैंची से काटना-4
33.आत्मा-2
35.सीरा,मिष्ठान-3
36.आगमन-2
37.जोरदार-4
38.तेज दौड़ना-5

**ऊपर से नीचे**
1.बुरी आदत-2
2.झगड़ा,रार-4
3.फिल्मी दुनिया-3,2
4.लेखनी,पेन-3
5.इस पर रोटी सेंकते हैं-2
6.वटवृक्ष-4
7.मन को भाने वाला-5
10.बुरा आचरण-4
12.यमराज-2
15.चुनौती-4
17.विदरण,एकता भंग-3
18.आर्द्रक-4
20.भूमि,धरती-3
22.आवेश में आना-4
23.नामकरण-2,3
25.नरक में रहना-5
26.जामफल-4
27.बेल,लतिका-2
29.प्रार्थना,ईश्वर वंदना-4
31.जलजला-3
34.मैं का बहुवचन-2
36.रुपये का सोलहवां भाग-2

**शब्द पहेली- 5634 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | द | च | रि | त्र | ■ | ■ | ब | ह | रा | ■ |
| मा | मा | ■ | या | ■ | अ | द | द | ■ | ह | क |
| ज | ■ | ■ | स | ज | दा | ■ | न | ■ | ■ | हा |
| वा | र | दा | त | ■ | ■ | श | ■ | प | नी | र |
| दी | ■ | मि | ■ | ह | म | रा | ज | ■ | र | ■ |
| ■ | रा | नी | ■ | रा | ■ | फ | ■ | बी | ज | ■ |
| ■ | ह | ■ | श | र | ब | त | ■ | ह | ■ | म |
| क | त | रा | ■ | त | ■ | ■ | अ | ड़ | च | न |
| हा | ■ | ■ | चिं | ■ | म | लि | न | ■ | ■ | भा |
| नी | र | ■ | त | न | य | ■ | ब | ■ | श | व |
| ■ | थ | का | न | ■ | ■ | म | न | मो | ह | न |

## सूडोकु नवताल - 5646

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

MANGA, SENACHA, BANGALORE

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**सूडोकु नवताल - 5645 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |



# भारत के प्रधानमंत्री आदरणीय
# श्री नरेन्द्र मोदी जी
## को जन्मदिन की शुभकामनाएं

देश के गरीब और वंचित
जनसमुदाय की सेवा के लिए जिसने
अपना समस्त जीवन समर्पण किया
ऐसे हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री
**श्री नरेन्द्र मोदी जी**
का जन्मदिन
**सेवा दिवस** के रूप में समर्पित....
**आईये ! प्रण ले**
एक सेवा कार्य करने का...







**मान. श्री किरण देव सिंह जी**
(अध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़) को
**जन्मदिन** की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं.

आपका सेवक : **प्रीतेश गांधी**
छत्तीसगढ़

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के (मन की बात) प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को अवश्य श्रवण करें.

## खबर संक्षेप

### संसद में बरसाती पानी न जमेलोकसभा सचिवालय ने सीपीडब्लूडी को सौंपा प्रोजेक्ट

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** संसद की नई इमारत और पुरानी इमारत के बीच में पिछली बारिश में पानी जमा होने के बाद लोकसभा सचिवालय ने नये सिरे से ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने का काम सीपीडब्लूडी को सौंपा है। संसद की नई इमारत के मकर द्वार पर भी बरसाती पानी जमा हो गया था। सांसदों ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर दी थी। कांग्रेस पार्टी ने तो बकायदा लोकसभा सचिवालय को नोटिस देकर इस पर आपत्ति जतायी थी। लोकसभा सचिवालय के उच्चपदस्थ सूत्रों ने बताया कि केंद्र सरकार की एजेंसी केंद्रीय लोकनिर्माण विभाग (सीपीडब्लूडी) ने गत बुधवार को ही विशेषज्ञ एजेंसियों से निविदा मांगी है।

### मालदीव के विदेश मंत्री बोले- भारत से संबंध सुधरे गलतफहमियां दूर हुई

**माले।** मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने माना है कि मोहम्मद मुइज्जू की सरकार के शुरुआती दिनों में भारत और मालदीव के संबंध खराब हो गए थे। ये पहली बार है जब मालदीव की सरकार ने अपनी गलती मानी है। जमीर ने साथ ही कहा कि अब गलतफहमियां दूर हो गई हैं। मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने भारत के संबंधों में सुधार आने की बात कही है। मूसा ने कहा कि दोनों देशों के बीच आई गलतफहमियों को सुलझा लिया गया है। उन्होंने ये माना कि मालदीव में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार बनने के बाद दोनों देशों के संबंधों में गिरावट आई थीं। मूसा ने कहा कि मुइज्जू की भारत से मालदीव से सैनिकों को हटाने की मांग के बाद संबंध ठीक नहीं थे।

### बाल-बाल बचे इंसान! धरती के करीब से गुजरा स्टेडियम के आकार का उल्कापिंड

**नई दिल्ली।** धरती एक बड़े खतरे से बच गई। आज दोपहर करीब सवा दो बजे एस्टेरॉयड (क्षुद्रग्रह) 2024 आरएन धरती से मात्र 16 लाख किलोमीटर दूर से निकला था। यानी चंद्रमा की दूरी से सिर्फ चार गुना ज्यादा। 110 फीट चौड़े पत्थर की स्पीड 104,761 किमी घंटे थी। यह उस अपोलो समूह का एस्टेरॉयड है, जिससे धरती को खतरा रहता है। यह एस्टेरॉयड धरती और सूरज के बीच से निकलता है। इसलिए कई बार यह पृथ्वी के बेहद नजदीक से निकलता है। इस समूह के एस्टेरॉयड को 1862 में अपोलो ने खोजा था। इसलिए इनका नाम अपोलो एस्टेरॉयड रखा गया है। इनकी खासियत यही है कि ये धरती के रास्ते को क्रॉस करते हैं।

## हरियाणा चुनाव

**2019 और 2014 विस चुनाव के मुकाबले इस बार प्रत्याशी कम**

# 190 उम्मीदवारों ने लिया नामांकन वापस, मैदान में 1031 प्रत्याशी

*2019 में 1169 और 2014 में थे 1351 उम्मीदवार*

**एजेंसी ▶▶| चंडीगढ़**

15वीं विधानसभा चुनाव के लिए 1559 उम्मीदवारों ने 1746 नामांकन पत्र भरे थे। इनमें से जांच के दौरान 1221 प्रत्याशियों की उम्मीदवारी सही पाई गई, जबकि 338 उम्मीदवारों के नामांकन रद्द कर दिए गए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल के मुताबिक पंचकूला से 5 उम्मीदवार, अंबाला से 4, यमुनानगर से 5, कुरुक्षेत्र से 15, कैथल से 15, करनाल से 10, पानीपत से 6, सोनीपत से 7, जींद से 13, फतेहाबाद से 6, सिरसा से 12, हिसार से 23, दादरी से 3, भिवानी से 13, रोहतक से 4, झज्जर से 9, महेंद्रगढ़ से 9, रेवाडी से 3, गुरूग्राम से 15, नूंह से 2, पलवल से 4 और फरीदाबाद से 7 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन वापस लिए।




**मतदान 5 अक्टूबर को**

पंकज अग्रवाल ने बताया कि राज्य की 90 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। वहीं, संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा उन्हें चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिए गए हैं। प्रदेश में मतदान 5 अक्टूबर 2024 को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। मतगणना 8 अक्टूबर को होगी और चुनाव परिणाम भी उसी दिन घोषित किए जाएंगे।

**हिसार से 89 उम्मीदवार मैदान में**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि सभी 22 जिलों में जांच प्रक्रिया पूरी होने व नामांकन वापस लेने के बाद पंचकूला में 17 उम्मीदवार शेष बचे हैं। इसी प्रकार अंबाला से 39, यमुनानगर से 40, कुरुक्षेत्र से 43, कैथल से 53, करनाल से 55, पानीपत से 36, सोनीपत से 65, जींद से 72, फतेहाबाद में 40, सिरसा से 54, हिसार से 89, दादरी से 33, भिवानी से 56, रोहतक से 56, झज्जर से 42, महेंद्रगढ़ से 37, रेवाडी से 39, गुरूग्राम से 47, नूंह से 21, पलवल से 33 और फरीदाबाद से 64 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

### बीजेपी ने दिया कांडा को समर्थन, 89 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी पार्टी

*हरियाणा विधानसभा चुनाव में अब एक महीने से भी कम का समय बचा है। इस बीच अब बीजेपी के खेमे से बड़ी खबर आई है। हरियाणा में सत्तारूढ़ बीजेपी के सिरसा उम्मीदवार रोहताश जांगड़ा ने सोमवार को कहा कि उन्होंने इस सीट के लिए नामांकन वापस ले लिया है। इसके बाद यह आसार है कि पार्टी हरियाणा लोकहित पार्टी के प्रमुख गोपाल कांडा का समर्थन कर सकती है। गोपाल कांडा सिरसा से मौजूदा विधायक हैं। इसी पहले कांडा ने बीजेपी सरकार को अपना समर्थन दिया था। इससे पहले रोहताश जांगड़ा ने फोन पर पीटीआई से कहा, "मैंने अपना नामांकन वापस ले लिया है। यह फैसला राज्य और देश के हित में लिया गया है। हमें 'कांग्रेस मुक्त हरियाणा' सुनिश्चित करना है।" यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने गोपाल कांडा के पक्ष में अपना नाम वापस ले लिया है, जांगड़ा ने कहा, "गोपाल कांडा ने पांच साल तक हमारा (बीजेपी का) समर्थन किया है। हमने सिरसा के विकास के लिए यह फैसला लिया है।"*

## सेना के एक अधिकारी और उनकी मंगेतर के साथ ओडिशा पुलिस के लॉकअप में मारपीट

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**

सेना के एक अधिकारी और उनकी मंगेतर ने ओडिशा पुलिस पर हिरासत में दुर्व्यवहार करने का गंभीर आरोप लगाया है। मामला 14 सितंबर की रात का बताया जा रहा है। जब दंपत्ति पर कार्यालय से लौटते वक्त बदमाशों के एक समूह ने हमला किया था। इस घटना की रिपोर्ट लिखवाते समय सैन्य अधिकारी और उनकी मंगेतर ने ओडिशा पुलिस (भरतपुर पुलिस स्टेशन) पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है।

■ **उत्पीड़न के गंभीर आरोप**

रक्षा सूत्रों का कहना है कि अधिकारी और उनकी मंगेतर पर भुवनेश्वर में अपने कार्यालय से घर लौटते वक्त बदमाशों के एक समूह ने हमला किया था। दंपत्ति का दावा है कि हमलावर तीन कारों में सवार थे। उन्होंने अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और घटनास्थल से भागने से पहले शारीरिक शोषण किया। तीनों में से एक वाहन का रजिस्ट्रेशन नंबर नोट करने के बाद दंपत्ति ने भरतपुर पुलिस स्टेशन से मदद मांगी थी। उन्हें स्थानीय पुलिस द्वारा जल्द कारवाई करने की उम्मीद थी।

## महाजन रेंज में भारत-अमेरिका की सेनाओं के बीच जारी 'युद्धाभ्यास'

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**

दक्षिण पूर्व एशिया में चीन की बढ़ते आक्रामक रुख के मध्य भारत और अमेरिका की थल सेनाओं के बीच राजस्थान की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में संयुक्त 'युद्धाभ्यास-24' जारी है।

इसमें दोनों सेनाएं आपसी अंतर सचालनीयता और तालमेल को बढ़ावा देने के लिए एक साथ अभ्यास कर रही हैं। भारतीय सेना के सार्वजनिक सूचना महानिदेशालय (एडीजीपीआई) ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि इस वर्ष युद्धाभ्यास का 20 वां संस्करण आयोजित किया जा रहा है। इसमें महाजन रेंज में दोनों देशों की सेनाएं सैन्य अभियानों से जुड़ी हुई अलग-अलग गतिविधियों का अभ्यास किया जा रहा है। युद्धाभ्यास भारत और अमेरिका की सेनाओं के बीच तालमेल को बढ़ाने में काफी मददगार साबित होगा। सेना ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में युद्धाभ्यास से जुड़ा हुआ एक वीडियो भी साझा किया है।

■ **22 सितंबर को संपन्न होगा युद्धाभ्यास**

### प्रधानमंत्री मोदी ने अहमदाबाद में दी सौगात

# 8,000 करोड़ की परियोजनाओं को किया समर्पित, गरीबों को सौंपी आवास की चाबी

**एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद**

पीएम नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अहमदाबाद में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं की कुल लागत 8,000 करोड़ रुपए से अधिक है। पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में उन घरों को लाभार्थियों को सौंपा, जिनका निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के तहत 30 हजार से अधिक नए घरों के निर्माण को मंजूरी दी और इसके लिए पहली किस्त जारी की। पीएम मोदी ने देश की पहली वंदे मेट्रो को भुज से अहमदाबाद के लिए रवाना किया। इसके साथ ही उन्होंने कई वंदे ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई, जिनमें नागपुर से सिकंदराबाद, कोल्हापुर से पुणे, आगरा कैंट से बनारस, दुर्ग से विशाखापत्तनम, पुणे से हुबली और पहली 20 कोच वाली ट्रेनें शामिल हैं।



**हर वर्ग के कल्याण की पक्की गारंटी**

मोदी ने कहा कि 100 दिन के इन फैसलों में देश के हर नागरिक, हर परिवार, हर वर्ग के कल्याण की गारंटी पक्की हो गई है। इन 100 दिनों में 15 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की योजनाओं पर काम शुरू हुआ है। चुनाव के दौरान मैंने 3 करोड़ नए घर बनाने की गारंटी देश को दी थी, इस गारंटी पर तेजी से काम हो रहा है। गांव हो या शहर, हम सभी के लिए बेहतर जिंदगी जीने की व्यवस्थाएं जुटाने में लगे हैं। पीएम ने कहा कि हर कोई आज गणेश उत्सव मना रहा है। मिलाद-उन-नबी भी मनाया जा रहा है। देशभर में कई त्योहार मनाए जा रहे हैं। इन उत्सवों के समय में विकास का उत्सव भी जारी है।

### यूपी में ट्रेनों को निशाना बनाने वाले माड्यूल की तलाश जारी

**लखनऊ।** कानपुर में कालिंदी एक्सप्रेस को निशाना बनाने की साजिश की जांच कर रही एनआईए को तीन राज्यों में बीते दो माह के दौरान अचानक सक्रिय हुए माड्यूल के सदस्यों की तलाश है। बता दे कि एनआईए पश्चिमी उत्तरप्रदेश के कुछ जिलों में खाक छान रही है। वहीं एटीएस और एसटीएफ को स्थानीय स्तर पर ट्रेन को बेपटरी करने की साजिश के सुराग तलाशने को कहा गया है।


बैंक ऑफ इंडिया Bank of India BOI
पावर हाऊस शाखा : पावर हाऊस चौक, भिलाई, दुर्ग
फोन. 0788-2296894/2296772,
ई-मेल: PHBhilai.Raipur@bankofindia.co.in

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)**

*सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के [नियम 8 (1)] के तहत*

जबकि
अधोहस्ताक्षरकर्ता ने बैंक ऑफ इंडिया का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लेखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर करने को कहा गया था। ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) सपठित उक्त नियम के नियम 8 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है।
उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (18) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है। ऋणी/बंधककर्ता को विशिष्ट रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय बैंक ऑफ इंडिया के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

| उधारकर्ता / जमानतदार | संपत्ति का विवरण | मांग पत्र दिनांक | देय राशि |
|---|---|---|---|
| उधारकर्ता:-मेसर्स. शेख पशु आहार केंद्र प्रोपराईटर स्वर्गीय श्री सलाउद्दीन के माध्यम से कानूनी उत्तराधिकारी श्रीमती अंजुमनिशा पति स्वर्गीय सलाउद्दीन, श्री वसीम पिता स्वर्गीय सलाउद्दीन, सुश्री शमा बेगम पिता स्वर्गीय सलाउद्दीन एवं श्री शेख समीन पुत्र स्वर्गीय सलाउद्दीन. | साम्यिक बंधक कमर्शियल शेड/शॉप 2805, कैंप-1, पहुंच मार्ग, वार्ड नं. 21/22, जलेबी चौक से शहीद चौक के मध्य, मौजा छावनी, भिलाई, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल 671.75 वर्गफीट श्री सलाउद्दीन पिता मोहम्मद सिद्दीक के नाम पर स्थित. उत्तर-इंद्रराज यादव, दक्षिण-चेनैय्या, पूर्व-पहुंच मार्ग, पश्चिम-टेलर. | दिनांक 06.06.2024 कब्जा दिनांक 12.09.2024 | ₹35,20,569.51/- (पैंतीस लाख बीस हजार पांच सौ उन्हत्तर रुपये एवं इन्क्यावन पैसे) + ब्याज + अन्य खर्च |

दिनांक : 17.09.2024, स्थान : पावर हाऊस — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया












### यशवंत ने बनाया 'अटल विचार मंच', झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ेगी पार्टी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**

झारखंड के विधानसभा चुनाव से पहले यशवंत सिन्हा ने भाजपा की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।



■ **कहा, भाजपा अटल जी के विचारों से भटक चुकी है, इसलिए इस नए दल के गठन की जरूरत पड़ी**

कभी अटल सरकार में वित्त और विदेश मंत्रालय संभाल चुके भाजपा के इस पूर्व कद्दावर नेता ने सोमवार को 'अटल विचार मंच' के नाम से राजनैतिक दल बनाने की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी राज्य की सभी 81 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। सिन्हा ने अपनी नई पार्टी का आगाज हजारीबाग के पुराने भाजपा कार्यालय में ही किया है, जहां जयंत सिन्हा के सांसद रहने तक भाजपा का कार्यालय चलता था। यशवंत सिन्हा ने इस दौरान भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी अब अटल बिहारी वाजपेयी के सिद्धांतों से दूर होती जा रही है। उन्होंने पार्टी का सदस्यता ग्रहण करते हुए फॉर्म भरा और पहले सदस्य बने।

## विदेशी खरीदार अब चीन पर निर्भरता कम कर रहे

# भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता अब कोई मुद्दा नहीं, विदेशी बाजारों में मिल रही तरजीह

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो ने कहा है कि भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता अब कोई मुद्दा नहीं है और इन्हें अब विदेशों में तरजीह मिल रही है।

विदेशी खरीदार अब चीन पर निर्भरता कम कर रहे हैं और आपूर्ति के वैकल्पिक स्रोत के रूप में भारत को प्राथमिकता दे रहे हैं। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) ने कहा कि इसको देखते हुए वैश्विक स्तर पर विभिन्न चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष में वस्तुओं का निर्यात पांच से आठ तक प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है।

### विदेश से आर्डर की स्थिति अच्छी

फियो के अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने बातचीत में कहा, "विदेशों से ऑर्डर की स्थिति बहुत अच्छी है। इंजीनियरिंग, चमड़ा, कपड़ा, रसायन जैसे क्षेत्र अच्छा कर रहे हैं। दूसरी बात, विदेशी खरीदार अब चीन पर निर्भरता कम कर रहे हैं और आपूर्ति के वैकल्पिक स्रोत के रूप में भारत को तरजीह दे रहे हैं।

### फियो ने निर्यात पांच से आठ फीसदी तक बढ़ने की उम्मीद जताई

*बैंक कर्ज का जिक्र करते हुए कुमार ने कहा, "निर्यात ऋण वृद्धि का देश के बढ़ते निर्यात के साथ तालमेल नहीं है। 2021-22 और 2023-24 के बीच रुपये के लिहाज से निर्यात में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि मार्च, 2024 में बकाया ऋण, मार्च, 2022 की तुलना में पांच प्रतिशत कम हो गया है।"*






- आपूर्ति के लिए वैकल्पिक स्त्रोत के रूप में भारत को तरजीह
- निर्यात ऋण वृद्धि का देश के निर्यात से तालमेल नहीं
- भारत के पास विदेशों से ऑर्डर की स्थिति बहुत अच्छी है
- इंजीनियरिंग, चमड़ा, कपड़ा, रसायन जैसे क्षेत्र अच्छा कर रहे हैं

### घरेलू शिपिंग लाइन शुरू करने की मांग

सहाय ने कहा, "सार्वजनिक क्षेत्र की शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया की अंतरराष्ट्रीय व्यापार में हिस्सेदारी मात्र पांच प्रतिशत है। इसीलिए हमारी वैश्विक स्तर की घरेलू शिपिंग लाइन शुरू करने की मांग है। भले ही यह जिम्मा शिपिंग कॉरपोरेशन को दिया जाए या फिर कोई निजी कंपनी आये।"

### ज्यादातर राशि समुद्री परिवहन में

इसमें ज्यादातर राशि समुद्री परिवहन मद में थी। यह लगभग 100 अरब डॉलर बैठती है। हम यह राशि हर साल भेज रहे हैं। ऐसे में अगर हम घरेलू शिपिंग लाइन विकसित करते हैं और वह 25 प्रतिशत भी कारोबार हासिल करती है, तो हम 25 अरब डॉलर की बचत कर सकते हैं।"

### 2023-24 में कुल निर्यात 776.68 प्रतिशत

इन सबको देखते हुए चालू वित्त वर्ष में निर्यात में पांच से आठ प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है।" बीते वित्त वर्ष 2023-24 में कुल निर्यात 776.68 अरब डॉलर रहा। इसमें वस्तु निर्यात तीन प्रतिशत घटकर 437.1 अरब डॉलर था। वहीं 2022-23 में यह 776.40 और 451.07 अरब डॉलर था।

### गुणवत्ता अब कोई मुद्दा नहीं

एक सवाल के जवाब में कुमार ने कहा, "गुणवत्ता अब कोई मुद्दा नहीं है। भारतीय उत्पादों को विदेशों में तरजीह मिल रही है। कपड़ा, कालीन, रसायन जैसे उत्पादों के जो भी आयातक हैं, आपूर्ति के एक स्रोत के रूप में भारत को रखना चाहते हैं।" चुनौतियों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बैंक कर्ज में कमी, शिपिंग लाइन की समस्या और ब्याज छूट योजना को पांच साल के लिए बढ़ाने की मांग जैसे कुछ मुद्दों का जिक्र किया।

## दुनिया की बेस्ट कंपनियों में शामिल हुई नादर की आईटी कंपनी एचसीएलटेक

**नई दिल्ली।** भारत और कॉरपोरेट की बात जब भी होती है तो मुकेश अंबानी की रिलायंस इंडस्ट्रीज, रतन टाटा के टाटा ग्रुप और गौतम अदाणी के गौतम अदाणी का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि ग्लोबल लेवल पर भी इन कारोबारी घरानों का डंका बजता है। टाइम मैग्जीन ने देश के बड़े दानवीर की कंपनी को दुनिया की बेस्ट टॉप 10 कंपनियों में शुमार किया है। देश के बड़े दानवीरों में से एक शिव नादर की आईटी कंपनी एचसीएलटेक को टाइम मैगजीन ने 2024 में दुनिया की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों की सूची में भारत की टॉप कंपनी का दर्जा दिया है।

### कितनी बड़ी है कंपनी

एचसीएल टेक्नोलॉजी देश की बड़ी आईटी कंपनियों में से एक है। जिसकी वैल्यूएशन 4.91 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है। शेयर बाजार बंद होने तक कंपनी का शेयर मात्र 2 रुपए की गिरावट के साथ 1811 रुपए पर बंद हुआ। जबकि कारोबारी सत्र के दौरान 1823.55 रुपए के दिन के हाई पर पहुंचा। कंपनी का शेयर आज सुबह मामूली इजाफे के साथ 1816.05 रुपए पर ओपन हुआ था। मौजूदा समय में एचसीएल टेक देश की तीसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी है। एचसीएल से ऊपर टीसीएस और इंफोसिस है।

## सेंसेक्स रिकॉर्ड ऊंचाई पर निफ्टी ने छुआ नया शिखर

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 98 अंक की बढ़त के साथ अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी कारोबार के दौरान रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने में सफल रहा।

विदेशी कोषों के निवेश के बीच ऊर्जा और बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार को तेजी मिली। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 97.84 अंक बढ़त के साथ नई रिकॉर्ड ऊंचाई 82,988.78 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 27.25 अंक बढ़त के साथ 25,383.75 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत फाइनेंशियल के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "विदेशी पूंजी का प्रवाह और घरेलू वृद्धि में स्थिरता की उम्मीद निवेशकों की धारणा को आशावादी बनाए रख सकती है। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.28 प्रतिशत चढ़ने में सफल रहा जबकि मिडकैप में 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़ोतरी देखने को मिली। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहा। जापान, चीन और दक्षिण कोरिया में अवकाश के कारण बाजार बंद रहा। यूरोपीय बाजारों में कारोबार में तेजी रही। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त में रहे थे।



- सेंसेक्स 82,988 .78 अंक, निफ्टी 25,383 .75 अंक पर हुआ बंद
- विदेशी कोषों ने बाजार में की खरीदी
- ऊर्जा और बैंक शेयरों में रही खरीदारी

*एनटीपीसी रहा सबसे अधिक लाभ में : सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी सबसे ज्यादा 2.44 प्रतिशत के लाभ में रही। इसके अलावा जेएसडब्ल्यू स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, नेस्ले, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाटा स्टील के शेयर भी प्रमुख रूप से बढ़त में रहे।*

## बिजनेस साइट

### वेदांता एल्यूमिनियम ने विद्युत उद्योग के लिए दो नए उत्पाद किए प्रस्तुत




**रायपुर।** भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक एवं दुनिया की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम वायर रॉड विनिर्माता वेदांता एल्यूमिनियम ने 'पावर ऐज 2024' में बिजली व ट्रांस्मिशन उद्योग के लिए दो उच्च-क्वालिटी उत्पाद प्रस्तुत किए हैं। पहला है एएल59 इंगौट, जो उत्कृष्ट विद्युतीय चालकता प्रदान करता है जिसकी वजह से यह रिमैल्टिंग के लिए आदर्श उत्पाद है। दूसरा उत्पाद है इलेक्ट्रिकल कंडक्टर (ईसी) ग्रेड वायर रॉड जिसे ताकत, चालकता, कार्यशीलता व आकार देने की योग्यता के संतुलन के साथ वाइंडिंग स्ट्रिप ऐप्लीकेशंस हेतु डिजाइन किया गया है। इन दोनों उत्पादों की इंजीनियरिंग इस तरह की गई है कि जिन कार्यों में आला दर्जे की सटीकता की दरकार होती है वहां ये पूर्णतः उपयुक्त हैं। से उत्पाद ट्रांस्फॉर्मर एवं मोटर वाइंडिंग ऐप्लीकेशंस में फाइन ड्रॉइंग, कॉनफॉर्मिंग और इनेमलिंग के लिए एकदम परफैक्ट हैं। इन उत्पादों को पावर ऐज 2024 में प्रदर्शित किया गया, यह विद्युत व ट्रांस्मिशन सेक्टर पर केन्द्रित आयोजन है जिसमें इस क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों, विशेषज्ञों व नीति निर्माताओं ने भाग लिया।

### एक्सिस बैंक के बरगंडी प्राइवेट ने 15 नए शहरों में बढ़ाई अपनी उपस्थिति

**रायपुर।** एक्सिस बैंक के निजी बैंकिंग व्यवसाय, बरगंडी प्राइवेट ने 15 नए शहरों में अपनी संपत्ति प्रबंधन सेवाओं के विस्तार की घोषणा की है, जिससे अब यह सेवा देश भर के 42 शहरों में उपलब्ध होगी। बरगंडी प्राइवेट, इस रणनीतिक कदम के साथ अब भारत के तेजी से विकसित हो रहे टियर-2 बाजारों के ग्राहकों की अनूठी जरूरतों के अनुरूप अपनी खास संपत्ति प्रबंधन सेवाएं प्रदान करेगा। बैंक ने जिन नए शहरों में इन सेवाओं को पेश किया है उनमें भुवनेश्वर, पटना, रायपुर, आगरा, गाजियाबाद, जोधपुर, उदयपुर, जालंधर, मेरठ, बेलगाम, कोझीकोड, तिरुवनंतपुरम, औरंगाबाद, नागपुर और गांधीधाम शामिल हैं। इन बाजारों में निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई, जिसमें बचत और सावधि जमा ने 1 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर लिया। एक्सिस बैंक के ग्रुप एग्जीक्यूटिव- एफलुएंट बैंकिंग, एनआरआई, कार्ड/भुगतान और खुदरा ऋण, अर्जुन चौधरी ने इस व्यवसाय के विस्तार पर अपनी टिप्पणी में कहा, एक्सिस बैंक में, हम ग्राहकों के बढ़ते और निवेश के प्रति जागरूक समूह को विश्व स्तरीय धन प्रबंधन समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### होंडा कार्स ने त्योहारी सीजन के लिए होंडा 'एलिवेट एपेक्स एडिशन' किया लांच




**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख प्रीमियम कार निर्माता कंपनी होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड (एचसीआईएल) ने अपनी लोकप्रिय मिड-साइज एसयूवी, होंडा एलिवेट का नया एपेक्स एडिशन लांच किया है। यह एडिशन 'द ग्रेट होंडा फेस्ट' के मौजूदा फेस्टिव कैम्पेन के दौरान पेश किया गया। एपेक्स एडिशन को सीमित मात्रा में मैनुअल ट्रांसमिशन (एमटी) और कंटीन्यूअस वैरिएबल ट्रांसमिशन (सीवीटी) दोनों विकल्पों में उपलब्ध कराया जाएगा और यह होंडा एलिवेट के वी और वीएक्स ग्रेड पर आधारित है। होंडा एलिवेट एपेक्स एडिशन में एक्सटीरियर और इंटीरियर के लिए नए प्रीमियम पैकेज के साथ-साथ बोल्ड डिजाइन, ज्यादा जगह और आरामदायक इंटीरियर के अलावा एडवांस्ड फीचर्स भी शामिल हैं। यह सभी रंग विकल्पों में उपलब्ध होगा। होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड में मार्केटिंग और सेल्स के वाइस प्रेसिडेंट कुणाल बहल ने कहा कि त्योहारी सीजन की शुरुआत के साथ हमें एपेक्स एडिशन को लांच करने की खुशी है। इसकी आकर्षक कीमत और शानदार इंटीरियर अनुभव नए बोल्ड एक्सटीरियर एलिमेंट्स के साथ मिलकर इसको और भी आकर्षक बनाते हैं।

### संजीवनी कैंसर हॉस्पिटल में पेन अवेयरनेस मंथ का आयोजन



**रायपुर।** पेन अवेयरनेस मंथ के अवसर पर रायपुर के संजीवनी कैंसर अस्पताल में सोमवार को एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मार्गदर्शन अस्पताल के निदेशक और वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. यूसुफ मेमन ने किया। डॉ. मेमन ने कैंसर मरीजों के दर्द की गंभीरता और दर्द प्रबंधन व पैलियेटिव केयर के महत्व पर विस्तृत चर्चा की। पेन, पैलियेटिव मेडिसिन और सपोर्टिव ऑन्कोलॉजी के लीड कंसल्टेंट डॉ. अविनाश तिवारी ने बताया कि उनकी टीम राज्य में पहली बार दीर्घकालिक दर्द को एक समग्र दृष्टिकोण से प्रबंधित करती है। उन्होंने दर्द को केवल शारीरिक लक्षण नहीं, बल्कि एक संपूर्ण अनुभव बताया जो व्यक्ति के शारीरिक, मनोवैज्ञानिक और अस्तित्वगत पहलुओं को प्रभावित करता है। उन्होंने आगे कहा कि संजीवनी कैंसर अस्पताल की मल्टी-डिसिप्लिनरी एप्रोच दीर्घकालिक दर्द के सभी पहलुओं को संबोधित करती है, जिससे परिणाम बेहतर होते हैं। उन्होंने समाज से अनुरोध किया कि वे दीर्घकालिक दर्द से पीड़ित व्यक्तियों की जीवन गुणवत्ता पर ध्यान दें।




# अभ्यास सत्र : भारतीय टीम ने बहाया पसीना, पंत वापसी के लिए तैयार

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम के सभी 16 खिलाड़ियों ने बांग्लादेश के खिलाफ खेली जाने वाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले सोमवार को यहां चेपॉक मैदान में अभ्यास सत्र के दौरान जमकर पसीना बहाया।

टीम के खिलाड़ियों ने रविवार को विश्राम के बाद अपने तीसरे अभ्यास सत्र में भाग लिया। बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला का शुरुआती मैच यहां 19 सितंबर से खेला जाएगा। अभ्यास सत्र में बल्लेबाजी के लिए दिग्गज विराट कोहली सबसे पहले पहुंचे और उनके पास वाले नेट में युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अभ्यास कर रहे थे। इन दोनों बल्लेबाजों ने तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन के खिलाफ ज्यादा बल्लेबाजी की। इन दोनों के बाद कप्तान रोहित, शुभमन गिल और सरफराज खान बल्लेबाजी अभ्यास के लिए पहुंचे।

### रोहित ने खेली स्पिन गेंद

सरफराज दलीप ट्रॉफी के दूसरे दौर के मैच के बाद टीम से देर से जुड़े हैं। रोहित ने अभ्यास सत्र के दौरान स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ ज्यादा बल्लेबाजी की। हरफनमौला रविंद्र जडेजा, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने भी स्थानीय गेंदबाजों और थ्रोडाउन विशेषज्ञों के खिलाफ जमकर बल्लेबाजी अभ्यास की।





### स्पिनरों की मददगार पिच

चेन्नई की पिच आमतौर पर स्पिनरों के लिए मददगार होती है और ऐसे में इस बात की काफी संभावना है कि भारतीय टीम तीन स्पिनरों और दो तेज गेंदबाजों के साथ मैदान में उतरे। तेज गेंदबाजी का जिम्मा जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज पर होगा जबकि स्पिन विभाग में अश्विन और जडेजा के साथ कुलदीप यादव के अंतिम एकादश में जगह बनाने की संभावना है। ऐसी स्थिति में पिछले कुछ समय से अपने हरफनमौला खेल से लगातार प्रभावित करने वाले अक्षर पटेल को बाहर बैठना पड़ सकता है।



### पंत को मिलेगा मौका

पंत दो साल के अंतराल के बाद टेस्ट टीम में वापसी के लिए तैयार है। पंत के एकादश में आने से इंग्लैंड के खिलाफ पिछली श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने वाले ध्रुव जुरेल को बेंच पर बैठना होगा।

### गेंदबाजों को मिल रही उछाल

अभ्यास पिच से गेंदबाजों को अच्छी उछाल मिल रही थी। दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले से पहले भारतीय टीम दो और अभ्यास सत्र में भाग लेगी। बांग्लादेश की टीम पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की श्रृंखला में सूपड़ा साफ करने के बाद आत्मविश्वास से भरी हुई है।

## खबर संक्षेप



### रोनाल्डो चैंपियंस लीग एलीट के पहले मुकाबले से बाहर

**रियाद।** फुटबॉल जगत के महानतम खिलाड़ियों में से एक क्रिस्टियानो रोनाल्डो वायरल होने के कारण अल-शॉर्टा के खिलाफ होने वाले एएफसी चैंपियंस लीग एलीट टूर्नामेंट में अपने पदार्पण मैच के लिए अल-नासर टीम के साथ इराक नहीं गए। रोनाल्डो की कप्तानी वाले सऊदी अरब क्लब अल-नासर ने आधिकारिक बयान में कहा, पुर्तगाल के फॉरवर्ड की तबीयत ठीक नहीं थी और वह वायरल से संक्रमित पाये गए थे।

### मजबूती पर काम कर रहे भारतीय खिलाड़ी

**मुंबई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि भारतीय खिलाड़ी लंबे समय से मानसिक रूप से मजबूत बनने पर काम कर रहे हैं जिससे उन्हें अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में मदद मिलेगी। भारत 2020 में टी20 विश्व कप में उपविजेता रहा था। उसे छह बार के विजेता और मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, श्रीलंका और न्यूजीलैंड के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। हरमनप्रीत ने सोमवार को कहा कि भारतीय खिलाड़ी मानसिक रूप से मजबूत बनने पर काम कर रहे हैं ताकि मैच के महत्वपूर्ण अवसरों पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें।



### 7 उम्मीदवार आईओसी अध्यक्ष पद की दौड़ में

**जिनेवा।** थॉमस बाक की जगह अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का अध्यक्ष बनने की दौड़ में सात उम्मीदवार मैदान में है जिनमें दो पूर्व ओलंपिक चैंपियन भी शामिल हैं। आईओसी ने सोमवार को उन सात उम्मीदवारों की सूची जारी की जो मार्च में होने वाले अध्यक्ष पद के चुनाव में अपना भाग्य आजमाएंगे। बाक की जगह नया अध्यक्ष आठ साल के लिए चुना जाएगा। इन उम्मीदवारों में एक महिला आईओसी कार्यकारी बोर्ड की सदस्य जिम्बाब्वे की किर्स्टी कोवेंट्री भी शामिल है।



### रोहित एंड कंपनी को गावस्कर ने चेताया

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले रोहित शर्मा एंड कंपनी को आगाह किया है। गावस्कर ने अपने कॉलम में लिखा, 'पाकिस्तान में खेले गए दोनों टेस्ट मैचों में पाकिस्तान को हराकर बांग्लादेश ने दिखा दिया कि उनमें कितनी ताकत है। इतना ही नहीं जब दो साल पहले टीम इंडिया ने बांग्लादेश का दौरा किया था, तब भी इस टीम ने भारत को कड़ी टक्कर दी थी। अब पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतने के बाद उनका मनोबल बढ़ा हुआ है और अब वह भारत को हराना चाहेंगे।'



## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी : मेजबान चीन से सामना आज

# भारत फाइनल में पहुंचा, हरमनप्रीत के दो गोल, कोरिया को 4-1 से रौंदा

एजेंसी ▶▶| हुलुनबुइर

बेहतरीन फॉर्म में चल रहे कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से गत चैंपियन भारत ने सोमवार को यहां दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह (19वें और 45वें मिनट) ने दो गोल दागे जबकि उत्तम सिंह (13वें मिनट) और जरमनप्रीत सिंह (32वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। कोरिया की तरफ से एकमात्र गोल यैंग जिहुन (33वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर किया।

भारत मंगलवार को होने वाले फाइनल में मेजबान चीन से भिड़ेगा। भारत ने लीग चरण के मैच में चीन को 3-0 से हराया था। इससे पहले चीन ने दिन के पहले सेमीफाइनल में पाकिस्तान को शूटआउट के जरिए 2-0 से हराया था। निर्धारित समय के बाद दोनों टीम 1-1 से बराबरी पर थीं। तीसरे स्थान के क्लासिफिकेशन मैच में पाकिस्तान और कोरिया की टीम आमने सामने होंगी। यह मैच भी मंगलवार को ही खेला जाएगा। इस बीच पांचवें-छठे स्थान के क्लासिफिकेशन मैच में जापान ने निर्धारित समय में 4-4 से बराबरी के बाद शूटआउट में मलेशिया को 4-2 से हराया।



### क्वार्टर 4

चौथे और अंतिम क्वार्टर में भारत के गोलकीपर सूरज करकेरा पार्क चियोलियोन के दो प्रयासों को नाकाम किया। कोरिया को पेनल्टी कॉर्नर भी मिला लेकिन टीम इस पर भी गोल करने में नाकाम रही और भारत ने छठी बार टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई।

### क्वार्टर 1

उम्मीद के मुताबिक भारत ने शुरुआत से ही आक्रामक रवैया अपनाया। अभिषेक चौथे ही मिनट में भारत को बढ़त दिलाने के करीब पहुंचे लेकिन रिवर्स हिट से लगाए उनके शॉट को कोरिया के गोलकीपर किम जेइहेन ने रोक दिया। भारतीय टीम पहले क्वार्टर में लगातार कोरिया के सर्कल को भेदने में सफल रही जिसका फायदा टीम को 13वें मिनट में मिला जब उत्तम ने दाएं छोर से अराइजीत सिंह हुंडाल के पास पर गोल दाग दिया।

### क्वार्टर 2

दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में कोरिया को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन टीम इनका फायदा नहीं उठा सकी। दूसरे क्वार्टर के चौथे मिनट में भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर कप्तान हरमनप्रीत ने टूर्नामेंट का अपना छठा गोल दागते हुए टीम को 2-0 से आगे कर दिया। मध्यांतर तक भारतीय टीम 2-0 से आगे थी।

### क्वार्टर 3

तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही भारत ने स्कोर 3-0 कर दिया जब सुमित ने स्कूप करके बाएं छोर पर जरमनप्रीत को पास दिया और उन्होंने इसे गोल में पहुंचाने में कोई गलती नहीं की। टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर जिहुन ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके कोरिया का खाता खोला। तीसरे क्वार्टर में जब सिर्फ एक सेकेंड बचा था तब भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला जब कोरिया के गोलकीपर जेइहेन को सर्कल के बाहर गेंद को हाथ से रोकने के लिए पीला कार्ड दिखाया गया। हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को 4-1 से आगे किया।

## गिरोना को 4-1 से हराया

# लामिने यमाल के दो गोल बार्सिलोना की पांचवीं जीत



एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

लामिने यमाल ने दस मिनट से भी कम समय में दो गोल दागकर स्पेनिश लीग सत्र की शुरुआत में बार्सिलोना को लगातार पांचवीं जीत दिलाई। यमाल के दोहरे गोल के साथ-साथ दानी ओल्मो और पेड्री के दूसरे हाफ में किए गए गोल से बार्सिलोना ने रविवार को गिरोना पर 4-1 से जीत हासिल की।

इस जीत से टीम चार अंकों की बढ़त बनाकर तालिका में शीर्ष पायदान पर है। एटलेटिको मैड्रिड ने एंटोनी ग्रीजमैन एवं नए खिलाड़ी जूलियन अल्वारेज और कॉनर गैलाघर के गोल की बदौलत अंतिम स्थान वाले वालेंसिया को 3-0 से हराया, जबकि रियल मैड्रिड ने शनिवार को किलियन एमबाप्पे और विनीसियस जूनियर के गोल की मदद से रियल सोसिदाद पर 2-0 से जीत दर्ज की। अन्य मैचों में विलारियल ने मैलोर्का पर 2-1 से जीत दर्ज की। इस जीत के बाद टीम एटलेटिको मैड्रिड और रियाल मैड्रिड के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। ये तीनों टीमें बार्सिलोना से चार अंक पीछे हैं।

### यमाल के सत्र में 3 गोल

*स्पेन के 17 वर्षीय युवा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी यमाल के अब इस सत्र में तीन गोल हो चुके हैं। यमाल ने गिरोना के खिलाफ 30वें मिनट और 37वें मिनट में गोल दागे। क्रिस्टियन स्टुआनी ने 80वें मिनट में गिरोना के लिए एकमात्र गोल किया। हालांकि पिछले सत्र में तीसरे स्थान पर रहने वाले गिरोना ने बार्सिलोना के खिलाफ अपने दोनों लीग गेम जीते थे। वहीं एटलेटिको मैड्रिड की यह लगातार दूसरी और पांच लीग मैचों में तीसरी जीत थी, जबकि वालेंसिया ने अपने सत्र की शुरुआत चार हार और एक ड्रॉ के साथ की है ।*

## लिरेन ने की प्रशंसा

# गुकेश जीत का दावेदार मेरे खेल में आई गिरावट



एजेंसी ▶▶| बुडापेस्ट

गत चैंपियन डिंग लिरेन का मानना है कि नवंबर में होने वाले विश्व शतरंज के खिताब के लिए उनके भारतीय चैलेंजर डी गुकेश जीत के दावेदार है क्योंकि पिछले एक साल में उनके खेल में काफी गिरावट आई है। लिरेन और गुकेश इस समय यहां 45वें शतरंज ओलंपियाड में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

गुकेश, आर प्रज्ञानानंदा, विदित गुजराती और अर्जुन एरिगैसी की चौकड़ी से सजी भारतीय टीम वर्तमान में लिरेन के चीन और मेजबान हंगरी के साथ शीर्ष स्थान पर है। लिरेन ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ के द्वारा आयोजित बातचीत में कहा, 'मैं अपने प्रतिद्वंद्वी (गुकेश) को इस टूर्नामेंट में बहुत अच्छा खेलते हुए देख रहा हूं। वह विश्व चैंपियनशिप में शायद मुझ से ज्यादा जीत का दावेदार है।

### गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट चैंपियन

गुकेश ने अप्रैल में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता और 17 साल की उम्र में विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के चैलेंजर बने थे। वह मई में 18 साल के हो गए। प्रतिष्ठित खिताब और 2.50 मिलियन डॉलर (लगभग 21 करोड़ रुपये) की पुरस्कार राशि के लिए दोनों 20 नवंबर से 15 दिसंबर तक सिंगापुर में भिड़ेंगे। गुकेश अगर यह खिताब जीतने में कामयाब रहे तो वह महान विश्वनाथन आनंद के बाद चैंपियन बनने वाले पहले भारतीय बनेंगे।

### शतरंज ओलंपियाड : भारतीय टीमों की शानदार जीत

शानदार फॉर्म में चल रहे विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश और अर्जुन एरिगेसी के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय पुरुष टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड के पांचवें दौर में अजरबैजान को 3-1 से हराया। गुकेश ने अइदिन सुलेमानी को और अर्जुन ने रऊफ मामेदोव को हराया। प्रज्ञानानंदा ने ड्रॉ खेला जबकि विदित गुजराती और शखरियार मामेदियारोव की बाजी भी ड्रॉ रही। लगातार पांचवीं जीत के बाद भारतीय पुरूष टीम दस अंक लेकर वियतनाम के साथ शीर्ष पर है। महिला वर्गमें ग्रैंडमास्टर डी हरिका को बीबीसारा असाउबायेवा के खिलाफ अप्रत्याशित पराजय झेलनी पड़ी। वंतिका अग्रवाल ने अलुआ नूरमैन को हराया जबकि दिव्या देशमुख ने जेनिया बालाबायेवा से ड्रॉ खेला। आर वैशाली ने एम कमालिदेनोवा को मात दी। महिला टीम आर्मेनिया और मंगोलिया के साथ दस अंक लेकर शीर्ष पर है।

### डेविस कप अंतिम आठ में जगह बनाने से चूका ब्रिटेन

**मैनचेस्टर।** कनाडा से आखिरी ग्रुप मैच में 2-1 से हारने के बाद ब्रिटेन डेविस कप फाइनल्स के अंतिम आठ में जगह बनाने में नाकाम रहा जबकि नोवाक जोकोविच के शानदार प्रदर्शन से सर्बिया ने अगले साल के क्वालीफायर में जगह बनाई। ब्रिटेन को कनाडा पर 2-1 से जीत दर्ज करनी थी लेकिन डेनिस शापोवालोव ने डैन इवांस को 6-0, 7-5 से हराकर उसकी उम्मीदें खत्म कर दी। फेलिक्स आगर एलियास्सिमे ने इसके बाद जैक ड्रैपर को 7-6, 7-5 से हराया। इंग्लैंड ने आखिरी युगल मैच जीता। ग्रुप डी से कनाडा और अर्जेंटीना अगले दौर में पहुंचे। फिनलैंड भी बाहर हो गया। वालेंशिया में स्पेन ने आस्ट्रेलिया को ग्रुप बी में 2-1 से हराया। दोनों टीमें अंतिम आठ में पहुंच चुकी हैं जबकि फ्रांस और चेक गणराज्य बाहर हो गए। बोलोगना में ग्रुप ए में इटली से 1-2 से हारने के बावजूद नीदरलैंड ने क्वालीफाई कर लिया। इटली भी अंतिम आठ में पहुंच गया है जबकि ब्राजील और बेल्जियम बाहर हो गए। चीन के जुहाइ में ग्रुप सी में चिली ने स्लोवाकिया को हराया। अमेरिका और जर्मनी क्वालीफाई कर चुके हैं। वहीं ब्रेलग्रेड में विश्व ग्रुप वन मुकाबले में जोकोविच की मदद से सर्बिया ने यूनान को 3-1 से मात दी।

# बॉडी बिल्डिंग : अशोक लगातार दूसरी बार बने वर्ल्ड चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चिरमिरी के बॉडी बिल्डर अशोक बेहरा ने इंटरनेशनल बॉडी बिल्डिंग में लगातार दूसरी बार गोल्ड मेडल हासिल कर भारत के साथ छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। इंटरनेशनल प्रतियोगिता आईबीबीएफ के द्वारा इंडोनेशिया में आयोजित किया गया था, जिसमें 32 देश के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इस प्रतियोगिता में अशोक ने 65 किलो वेट कैटेगरी में 22 से अधिक खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन दिखाते हुए गोल्ड हासिल किया।

अशोक ने बताया कि यह दूसरा इंटरनेशनल प्रतियोगिता था। महीने भर पहले मालदीप में साउथ एशिया इंटरनेशनल बॉडी बिल्डिंग में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए पहला गोल्ड जीता था। अशोक बीते 11 सालों से बॉडी बिल्डिंग कर रहे हैं। ऑल इंडिया सीनियर में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाया है। नेशनल प्रतियोगिता में एक गोल्ड और ब्रॉन्ज भी हासिल कर चुके हैं। अशोक ने बातचीत में बताया कि नवबंर 5 से वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप का आयोजन होना है, जिसकी तैयारी शुरू कर चुका हूं। वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व कर गोल्ड जीतने का सपना है। अशोक ने कोच बलाल खान के मार्गदर्शन में नेशनल में गोल्ड मेडल जीता है।



### साक्षी, अमन, गीता ने की कुश्ती चैंपियंस सुपर लीग की घोषणा

नई दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक और अमन सहरावत ने पूर्व विश्व चैंपियनशिप कांस्य विजेता गीता फोगाट के साथ सोमवार को कुश्ती चैंपियंस सुपर लीग शुरू करने की घोषणा की। देश के उभरते पहलवानों के लिए आयोजित होने वाली इस लीग का समर्थन करने से हालांकि राष्ट्रीय महासंघ ने मना कर दिया है।
साक्षी ने बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट के साथ मिलकर भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के विरोध का नेतृत्व किया था। बजरंग और विनेश के अगले महीने होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में शामिल होने के बाद साक्षी ने खुद को उन दोनों से अलग कर लिया। साक्षी ने 2016 रियो ओलंपिक में 58 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने सोशल मीडिया पर गीता के साथ इस लीग की घोषणा की।

## 5वीं बार श्रीलंका के पुरुष क्रिकेटर को मिला पुरस्कार

# वेलालागे, हर्षिता आईसीसी के प्लेयर ऑफ द मंथ

एजेंसी ▶▶| दुबई

श्रीलंका के दुनिथ वेलालागे और हर्षिता समरविक्रमा को सोमवार को अगस्त 2024 के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। वेलालागे ने भारत के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया जबकि हर्षिता ने आयरलैंड दौरे पर प्रभावित किया। वेलालागे ने दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज और वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स को पछाड़कर यह पुरस्कार जीता।

वेलालागे को भारत के खिलाफ श्रीलंका के 2-0 से श्रृंखला जीतने के दौरान श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। बाएं हाथ के इस 31 वर्षीय बल्लेबाज ने नाबाद 67, 39 और दो रन की पारियां खेलने के अलावा तीसरे मैच में 27 रन देकर पांच विकेट सहित श्रृंखला में कुल सात विकेट भी चटकाए। यह पुरस्कार शुरू होने के बाद यह पांचवां मौका है जब श्रीलंका के पुरुष क्रिकेट को यह पुरस्कार मिला है। इससे पहले एंजेलो मैथ्यूज (मई 2022), प्रबाथ जयसूर्या (जुलाई 2022), वानिंदु हसरंगा (जून 2023) और कामिंदु मेंडिस (मार्च 2024) यह पुरस्कार जीत चुके हैं। वेलालागे ने कहा कि यह पुरस्कार बहुत प्रोत्साहन देने वाला है। उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए बहुत अच्छी खबर है और इससे मुझे बहुत संतुष्टि मिली है क्योंकि यह सम्मान मुझे एक खिलाड़ी के रूप में अच्छा काम जारी रखने और मैदान में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए अपनी टीम में योगदान देने की और ताकत देगा।'





### हर्षिता का प्रदर्शन

*महिला पुरस्कार की दौड़ में हर्षिता ने ओर्ला प्रेंडरगास्ट और गैबी लुईस की आयरलैंड की जोड़ी को पछाड़ा। आयरलैंड दौरे पर हर्षिता एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में शतक जड़ने वाली श्रीलंका की सिर्फ तीसरी महिला क्रिकेटर बनीं। बाएं हाथ की 26 वर्षीय बल्लेबाज हर्षिता ने दो टी20 अंतरराष्ट्रीय में 169.66 के स्ट्राइक रेट से कुल 151 रन बनाए जिसमें पहले मैच में 45 गेंद में नाबाद 86 रन की मैच विजयी पारी भी शामिल है। उन्होंने बेलफास्ट में तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में 82.69 के स्ट्राइक रेट से 172 रन बनाए जिसमें दूसरे मैच में 105 रन की पारी भी शामिल है।*


जीवेत शरदः शतम्
देश के यशस्वी प्रधानमंत्री
मा. नरेन्द्र मोदी जी एवं
छ.ग. प्रदेशाध्यक्ष भाजपा मा. किरण देव सिंह जी
के जन्मदिन की बधाई...
एवं ढ़ेरों शुभकामनाएं...
जीवेत शरदः शतम्
हैप्पी बर्थडे
17 सितम्बर
सुश्री लता उसेण्डी
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा एवं विधायक, कोण्डागांव
चैतराम अट्टामी
विधायक, दंतेवाड़ा
जगदीश (रामू) रोहरा
प्रदेश महामंत्री, भाजपा छ.ग.
दीपेश साहू
विधायक, बेमेतरा
दीपेश अरोरा
जिलाध्यक्ष, कोण्डागांव
डॉ. सनम जांगड़े
जिलाध्यक्ष, भाजपा बलौदाबाजार-भाटापारा
महेश अग्रवाल
पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष/भाजपा नेता तिल्दा-नेवरा
विजय सिन्हा
पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष, बेमेतरा
महावीर चोपड़ा
सह प्रभारी रायपुर संभाग, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ धमतरी
हेमराज सोनी
सदस्य भाजपा पिछड़ा मोर्चा छ.ग. कांकेर, जिला सदस्यता अभियान प्रभारी
प्रकाश बैस
भाजपा जिलाध्यक्ष, जिला धमतरी
हुमीत लिम्जा
उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत नगरी
रूपेन्द्र साहू
जिला सहसंयोजक भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ जिला धमतरी
विकास बोहरा
पूर्व सासंद प्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद न.पा. नगरी
गोपी किशन कश्यप
लाईफ कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर रायपुर
संतोष गुप्ता
जिला महामंत्री, दंतेवाड़ा
सौरभ निर्वाणी
भाजपा नेता, बेमेतरा
शिव साहू
भाजपा नेता, बेमेतरा
मुंद्रिका राय
भाजपा नेता एवं पूर्व सभापति जनपद पंचायत बिलाईगढ़
रमेश अग्रवाल (रिंकू)
उद्योगपति/समाजसेवी तिल्दा-नेवरा




# हजारों किलोमीटर दूर होने पर भी अपनों को छू सकेंगे लोग, नया दस्ताना देगा अहसास

एजेंसी ⏭ लंदन



तकनीक हजारों किलोमीटर दूर मौजूद उपकरणों को काबू कर बड़ा ऑपरेशन तो कर सकती है, लेकिन मरीज को अपनों का वह स्पर्श या छुअन नहीं पहुंचा जा सकती है जिसकी उन्हें बहुत जरूरत होती है। लेकिन, ऐसा ज्यादा समय तक नहीं रहेगा। अब लोग एक नए उपकरण की मदद से हजारों मील दूर अपने किसी प्रियजन का हाथ थाम सकते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि उन्होंने मुलायम उंगलियों वाला उपकरण तैयार किया है, जो स्पर्श छुअन का प्रामाणिक अहसास देता है।

यह अलग-अलग गति और ताकत पर कंपन का उपयोग करके मानव उंगली में सभी चार स्पर्श रिसेप्टर्स का अनुकरण करके काम करता है। बायो-इंस्पायर्ड हैप्टिक सिस्टम नाम के गैजेट के पीछे की टीम का मानना है कि वे एक ऐसा दस्ताना बना सकते हैं जो हाथ पकड़ने की अनुभूति को फिर से पैदा कर सकता है।



## सामाजिक संपर्कों में स्पर्श को शामिल करने का एक तरीका

इस तकनीक के बहुत सारे उपयोग हो सकते हैं। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन की डॉ. सारा अबाद ने कहा, 'बदकिस्मती से, वीडियो कॉल के साथ एक बाधा है। सामाजिक बंधन के लिए, जो अहम है, आपको स्पर्श की आवश्यकता होती है, लेकिन वीडियो कॉल ऐसा नहीं करते हैं। यह तकनीक हमारे आभासी सामाजिक संपर्कों में स्पर्श को शामिल करने का एक तरीका प्रदान करती है। यह संवेदनशीलता में कमी का अनुभव करने वाले रोगियों के लिए स्पर्श धारणा के लिए एक नैदानिक उपकरण के रूप में भी काम कर सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि उदाहरण के लिए लंदन में रहने वाला व्यक्ति ऑस्ट्रेलिया में मरने वाले अपने रिश्तेदार का हाथ 'पकड़' सकेगा।

## स्पर्श की भावना खो चुके लोगों के लिए उपयोगी

यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन के प्रोफेसर हेल्गे वुर्डेमैन, जिन्होंने इस उपकरण पर काम किया, ने कहा, 'हमें विश्वास है कि हमारे पास ऐसी तकनीक है जो हमें दस्ताना डिजाइन करने में सक्षम बनाएगी।. हम कई उंगलियों को एक साथ जोड़ने पर विचार कर रहे हैं। हम यह समझना चाहते हैं कि (क्या) हम कुछ समय में (स्पर्श) संवेदनशीलता में गिरावट का पता लगा सकते हैं।
नेचर कम्युनिकेशंस पत्रिका में प्रकाशित नतीजों के अनुसार, इस तकनीक का उपयोग मेटाकार्पल टनल सिंड्रोम या मधुमेह जैसे स्पर्श की भावना खो चुके लोगों के लिए किया जा सकता है। और इसका उपयोग स्वस्थ और कैंसरग्रस्त ऊतक के बीच अंतर बताने के लिए किया जा सकता है।

# नगरनार प्लांट का नहीं होगा निजीकरण : कुमार स्वामी



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमार स्वामी ने कहा कि नगरनार प्लांट का निजीकरण किसी भी सूरत में नहीं होगा। पत्रकारों से चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्लांट से जुड़े जरूरी विषयों को लेकर अधिकारियों से चर्चा करेंगे। समाधान करने योग्य मसलों को तत्काल प्रयास किया जाएगा। शेष विषयों के लिए जल्द ही योजना बना कर काम किया जाएगा।

■ मंत्री बोले- नगरनार स्टील प्लांट विनिवेशीकरण में मुझे रुचि नहीं

नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील प्लांट में अलग-अलग पैकेज के कार्यों का अवलोकन करने लंबे अंतराल के बाद केंद्रीय इस्पात मंत्री का नगरनार प्रवास हुआ। मंत्री एचडी कुमार स्वामी सोमवार को बेंगलुरू से विशेष विमान से दोपहर 12 बजे जगदलपुर के मां दंतेश्वरी एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट के टर्मिनल बिल्डिंग के बाहर पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने बड़ा बयान दिया। पत्रकारों ने जब सवाल किया कि नगरनार स्टील प्लांट का विनिवेशीकरण होने जा रहा है। इस पर उन्होंने कहा मेरी निजी राय है, यह उचित नहीं है। इस निर्णय में मेरी बिल्कुल रुचि नहीं है। प्लांट के निजीकरण के सवाल पर उन्होंने कहा, निजीकरण तो किसी भी सूरत में नहीं होगा।

धार्मिक महत्व

## लंबे इतिहास की गवाह है ये नदी

# कई देशों के लिए मानी जाती है पवित्र तीन धर्मों की किताबों में है जिक्र

एजेंसी ⏭ लंदन

पश्चिम एशिया की जॉर्डन नदी एतिहासिक और कई कारणों से अनोखी नदी है। इसका कई धर्मों की किताबों में जिक्र है। सबसे पुरानी ना होते हुए भी इसे दुनिया की सबसे पुरानी नदी कहा जाता है। आज भले ही दो देशों की सीमा बनाती हो, लेकिन इसका भौगोलिक और सांस्कृतिक महत्व भी कम नहीं है।

दुनिया में कुछ नदियां हैं जो भारत ना होने पर भी बहुत अधिक धार्मिक महत्व की मानी जाती हैं। जॉर्डन नदी ऐसा ही एक पौराणिक जलमार्ग है जिसका ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व बहुत अधिक है। लगभग 251 किलोमीटर तक फैली यह नदी मध्य पूर्व से होकर बहती है, जो पूर्व में जॉर्डन और पश्चिम में इजराइल और फिलिस्तीन के बीच की सीमा का हिस्सा बनती है। लेकिन, इसके कई तथ्य रोचक और हैरान करने वाले हैं।

इस नदी की खास बात ये है कि इसका जिक्र एक नहीं तीन धर्मों, यहूदी, इस्लाम और ईसाई धार्मिक किताबों में जिक्र है। जॉर्डन नदी की जड़ें बाइबिल में गहरी हैं, जि. यह ईसा मसीह के बपतिस्मा से प्रसिद्ध रूप से जुड़ा हुआ है, जो इसे दुनिया भर के ईसाइयों के लिए एक महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल बनाता है। बाइबिल के अनुसार, यह जॉर्डन नदी थी जहां जॉन द बैपटिस्ट ने यीशु को बपतिस्मा दिया था।



### कुदरती सरहद के तौर पर करती है काम

जॉर्डन नदी जॉर्डन और इज़राइल- फिलिस्तीन के बीच एक कुदरती सरहद के तौर पर काम करती है। यह उत्तर से दक्षिण की ओर बहती है, पश्चिमी तट के पूर्वी किनारे का निर्माण करती है और दो देशों के बीच सीमा को बनाती है। पूरे इतिहास में, इस नदी ने संघर्ष, शांति संधियों और वार्ताओं को देखा है, जो इस इलाके में इसके भू-राजनीतिक महत्व को दर्शाता है। जॉर्डन नदी ने इतिहास में महत्वपूर्ण क्षणों को देखा है। यह सदियों से सेनाओं, व्यापारियों और शरणार्थियों के लिए एक क्रॉसिंग पॉइंट के रूप में काम करती रही है। नदी की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक प्रासंगिकता को कम करके नहीं आंका जा सकता, क्योंकि यह तमाम सभ्यताओं के दस्तावेजों के साथ जुड़ी हुई है।

पिछले कुछ दशकों में जॉर्डन नदी के जल स्तर में भारी गिरावट आई है। एक तरह से इसका अस्तित्व संकट में है। जलवायु परिवर्तन, जनसंख्या वृद्धि और जल मोड़ जैसे कारकों ने इस पारिस्थितिकी संकट में योगदान दिया है। कम होता प्रवाह न केवल पर्यावरण को प्रभावित करता है, बल्कि उन समुदायों को भी प्रभावित करता है जो जीविका के लिए नदी पर निर्भर हैं। इस समस्या को हल करने और नदी के स्वास्थ्य को बहाल करने के प्रयास चल रहे हैं।

### हजारों साल पुराना है इसका इतिहास

हैरानी की बात ये है कि वैज्ञानिक तौर पर शीर्ष 10 नदियों में शामिल ना होने पर भी जॉर्डन नदी को दुनिया की सबसे पुरानी नदियों में से एक माना जाता है। इसका इतिहास हजारों साल पुराना है। इसने सभ्यताओं के उत्थान और पतन को देखा है, और सदियों से इसके किनारे रहने वाले लोगों को जीविका और आजीविका प्रदान की है। जॉर्डन नदी जॉर्डन, इजराइल और फिलिस्तीन सहित आसपास के क्षेत्रों के लिए एक महत्वपूर्ण जल स्रोत के रूप में कार्य करती है। यह एंटी-लेबनान पर्वत माला में माउंट हरमोन की ढलानों से निकलती है, जो इसके मार्ग में कई सहायक नदियों ले पोषित होती है। नदी के पानी ने सदियों से कृषि, वन्यजीव और समुदायों को बनाए रखा है, जो शुष्क हालात में जीवन और समृद्धि का प्रतीक है।

## तहखाने की हो रही थी खुदाई, अचानक मिली हजारों मील दूर देश की सदियों पुरानी रहस्यमयी चीज

**बर्लिन।** पुरातत्व विशेषज्ञों को कई बार हैरान करने वाली चीजें बहुत ही अजीब जगह पर मिल जाती हैं। ऐसा ही कुछ जर्मनी में देखने को मिला, जहां बर्लिन के बीच में द्वितीय विश्व युद्ध के मलबे के बीच दबी सदियों पुरानी समुराई तलवार की खोज हुई जो रहस्य से भरी हुई है। यह जंग लगी तलवार 16 सदी की बनी बताई जा रही है। यह तलवार जर्मनी कैसे पहुंची इसको लेकर विशेषज्ञ कई तरह की संभावना बता रहे हैं। यह तलवार शहर के सबसे पुराने चौराहे, मोलकेनमार्कट के नीचे मिली थी, जो ऊपर की इमारत के नष्ट होने से पहले एक तहखाना हुआ करता था। युद्ध के बाद, तहखाने को ऊपर के खंडहरों केमलबे से भर दिया गया था, और फिर 1960 के दशक में जब सड़कों को चौड़ा किया गया तो इसे सड़क के नीचे दबा दिया गया। मोलकेनमार्कट के पूर्व तहखानों की खुदाई करने वाले पुरातत्वविदों ने तब से युद्ध के अंत में जल्दबाजी में निपटाए गए कई सैन्य कलाकृतियों की खोज की है।





Ajay 9827144371

# पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज की पत्नी की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे नेता

**अंडा (हरिभूमि न्यूज)।** प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की धर्मपत्नी (72 वर्षीया) श्रीमती कमला देवी साहू का रायपुर स्थित एक निजी हॉस्पिटल में उपचार के दौरान 9 सितंबर को निधन हो गया था। उनका संपूर्ण कार्यक्रम उनके गृहग्राम पाऊवारा में श्रद्धांजलि सभा रखा गया। अलग-अलग वक्ताओं ने अपनी व्याख्यान से श्रद्धांजलि अर्पित किया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने श्रीमती कमला देवी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगत आत्मा की चीर शांति तथा उनके परिवार को दुख के इस घड़ी में बल मिले इसके लिए ईश्वर से प्रार्थना की।



श्रद्धांजलि सभा में एआईसीसी महासचिव एवं छत्तीसगढ़ के प्रभारी सचिन पायलेट, नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी एसए सम्पत, केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार तोखन साहू, सुश्री जरिता लैतफलांग, विजय जांगिड़, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,सांसद रायपुर बृजमोहन अग्रवाल, सासंद दुर्ग विजय बघेल,पूर्व मंत्री टी. एस सिंहदेव, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे आदि शामिल हुए।

## 'रायता' को इंग्लिश में क्या कहते हैं? किस भाषा का है ये नाम

**नई दिल्ली।** साउथ एशियन खासतौर पर हम भारतीय लोगों को खाने-पीने का भरपूर शौक होता है। दिन में तीन वक्त अलग-अलग तरह का खाना हमें खाना पसंद होता है। भारतीय खाने में कुछ ऐसी चीज़ें भी हैं, जो पारंपरिक रूप से चली आ रही हैं। इनमें से एक डिश है – रायता। लेकिन कम ही लोगों को पता होगा कि इसे इंग्लिश में क्या कहकर मंगाएंगे। भारतीय दावतों की बात करें, तो ये रायते के बिना पूरी नहीं होतीं। चाहे नाश्ते में पराठे हों या फिर दोपहर का भरा-पूरा खाना, रायता इसका स्वाद बढ़ा देता है। वैसे इस डिश को अंग्रेज़ी में क्या कहते हैं ये भी आपको शायद ही पता हो, लेकिन ज़रा गंभीरता से सोचिए, इसे 'रायता'नाम किस भाषा से मिला।



रायता फैलना और रायता फैलाना जैसे जुमले तो खूब इस्तेमाल किए जाते हैं। ये डिश दही के साथ किसी चीज को मिक्स कर बनाई जाती है और इसके साथ तरह-तरह के एक्सपेरिमेंट भी किए जाते हैं।अब ज़रा ये बताइए कि अगर रायते को इंग्लिश में बोलना हो, तो इसे क्या कहेंगे? रायते की अंग्रेजी है- मिक्स कर्ड। कर्ड यानी दही को जब किसी चीज के साथ मिला दिया जाता है, तब वो मिक्स कर्ड बन जाता है।



Ajay 9827144371




## पहेली बने हुए थे पिरामिडों के 'प्लाज्मा बुलबुले एलियन्स पर भी था शक

**बीजिंग।** वैज्ञानिकों ने मिस्र में पिरामिडों के आसपास कई बार कुछ असामान्य चीजें तैरती हुई पाई हैं। चीनी वैज्ञानिकों ने पिरामिडों के ऊपर तथाकथित 'प्लाज्मा बुलबुले' के रहस्य से पर्दा उठाने का दावा किया है। इस तरह के बुलबुलों को लेकर अक्सर कई तरह की साजिशों की अटकलें लगती रहती हैं, जिनमें एलियन्स तक का हाथ होने का दावा किया जाता रहता है। लेकिन, चीनी वैज्ञानिकों ने इस तरह की तमाम साजिशों को खारिज कर इसके पीछे पूरी तरह से प्राकृतिक और वैज्ञानिक कारण बताया है। मजेदार बात ये भी है कि मिडवे द्वीप पर भी ऐसे बुलबुले पाए गए, जहां कभी एक महत्वपूर्ण अमेरिकी नौसेना बेस था। उनका कहना है दुख की बात है कि अजीब संकेत इस बात का संकेत नहीं हैं कि बहारी दुनिया के जीव और उसके हरे-उंगलियों वाले साथी ताबूत के पीछे से बाहर निकलकर आपका अपहरण करने वाले हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com